




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 204 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 8 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया देश का पहला वायुसेना विरासत केंद्र का उद्घाटन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रिबन काटकर भारतीय वायुसेना के पहले विरासत केंद्र का शुभारंभ किया। वे सुबह सेक्टर-18 स्थित गवर्नमेंट प्रेस बिल्डिंग में बनाए गए वायुसेना के पहले विरासत केंद्र पहुंचे। उनके साथ राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और सांसद किरण खेर भी मौजूद हैं।

रक्षा मंत्री ने यहां स्थापित मिग 21 का जायजा लिया। वे कॉकपिट में बैठे और उन्होंने मिग 21 के बाहर ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी साथ में मौजूद हैं। विरासत केंद्र के बाहर सफेद टेंट लगाया गया है। वहीं मध्यमार्ग स्थित सेक्टर 9 में ट्रैफिक डायवर्ट करने की वजह से जाम लग गया। ये विरासत केंद्र 17 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। 3 जून 2022 को इस केंद्र को स्थापित करने के लिए एमओयू हुआ था।

### पुरानी रंजिश में युवक को चाकू से गोदा, इलाज के दौरान अस्पताल में मौत आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** रविवार रात को दुर्ग के पोटिया में शादी समारोह के दौरान चाकूबाजी हो गई। पुरानी रंजिश में एक युवक ने दूसरे को चाकू से गोद दिया और वहां से भाग गया। घायल युवक को परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात को पोटिया में एक शादी समारोह चल रहा था। यहां पर गजेन्द्र यादव (22) पहुंचा हुआ था। शादी में पोटिया का ही रहने वाला दुलामनी साहू भी पहुंचा था। गजेन्द्र और दुलामनी के बीच पुरानी रंजिश थी जिसे लेकर दोनों के बीच शादी समारोह में ही विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो दुलामनी ने चाकू से गजेन्द्र पर वार कर फरार हो गया। घटना के बाद घायल गजेन्द्र को अस्पताल पहुंचाया गया जहां आज सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दुलामनी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# बड़ा हादसाः नाव पलटी, 22 लोगों की मौत बचाव कार्य जारी, पीड़ितों से मिलने पहुंचे सीएम

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मलप्पुरम जिले के तनूर इलाके में थूवलथीरम समुद्र तट के पास रविवार शाम एक हाउसबोट पलट गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। बताया जा रहा है कि नाव में 40 लोग सवार थे। हालांकि, राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने नाव में सवारों के सही आंकड़े होने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी इस घटना के पीड़ितों से मिलने पहुंचे। उन्होंने यहां तालुक अस्पातल में मृतकों के परिजनों और घायलों से मुलाकात की।

दूसरी तरफ एनडीआरएफ के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। स्कूबा डायविंग टीम को भी बुलाया गया है। साथ ही नौसेना की टीम और कोस्ट गार्ड की टीम भी पहुंची हैं। क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी शिजू केके ने बताया कि अब तक हमने 22 लाशें बरामद की हैं। हमें नाव पर सवार लोगों की सही संख्या का पता नहीं है, इसलिए हम यह पता लगाने के लिए खोज जारी रखे हुए हैं कि क्या और भी पीड़ित कीचड़ में फंसे हैं या नहीं।

***स्वास्थ्य मंत्री ने बुलाई आपात बैठक***

राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना के बाद स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने स्थिति का आकलन करने के लिए आपात बैठक बुलाई। बयान में कहा गया है कि जॉर्ज ने निर्देश दिया कि घायलों के लिए विशेषज्ञ उपचार सुनिश्चित किया जाए और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया तेज की जाए ताकि शवों को जल्द से जल्द परिजनों को सौंपा जा सके। इसमें कहा गया है कि त्रिशूर और कोझीकोड जैसे जिलों से डॉक्टरों सहित पर्याप्त कर्मचारियों को बुलाकर तिरूर, थिरुरंगडी, पेरिंथलमन्ना अस्पतालों और मनचेरी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम किया जाए। केरल में सोमवार को आधिकारिक शोक का दिन घोषित किया गया है और पीड़ितों के सम्मान में सभी सरकारी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं।



### हाउसबोट पर सवार थे 40-50 लोग

घटना के बाद तैरकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे एक युवक ने बताया कि हाउसबोट पर कम से कम 40-50 लोग सवार थे। खुद को शफीक बताने वाले शख्स ने बताया कि नाव डबल डेकर थी। उनके मुताबिक, दो दरवाजे थे लेकिन नाव पलटने के बाद अंदर के दरवाजे बंद हो गए। राज्य सरकार ने एक बयान जारी कर मलप्पुरम जिला कलेक्टर को समन्वित आपातकालीन बचाव अभियान चलाने का निर्देश दिया। बयान में कहा गया है कि दमकल और पुलिस इकाइयां, राजस्व और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी और जिले के तनूर और तिरुर इलाकों के स्थानीय लोग बचाव अभियान में शामिल हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि मंत्री अब्दुरहिमन और रियास बचाव अभियान का समन्वय कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पानी से निकाले गए लोगों को पास के निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

#### राष्ट्रपति ने शोक व्यक्त किया

मलप्पुरम नाव हादसे पर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं जीवित बचे लोगों की सलामती के लिए प्रार्थना करती हूं।

#### पीएम मोदी ने जताया दुख

घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

#### उपराष्ट्रपति ने जताया शोक

मलप्पुरम नाव दुर्घटना पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, नाव पलटने की घटना में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ, शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना; सभी के सुरक्षित बचाव और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

#### मुख्यमंत्री विजयन ने जताया दुख

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। सीएम ने कहा, मलप्पुरम में तनूर नाव दुर्घटना में लोगों की दुखद मौत से गहरा दुख पहुंचा है। जिला प्रशासन को प्रभावी ढंग से बचाव कार्यों का समन्वय करने का निर्देश दिया है। शोक संतप्त परिवारों और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना।

#### मरने वालों में ज्यादातर बच्चे

पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास के साथ बचाव अभियान का कॉर्डिनेशन कर रहे केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने बताया कि जिन अस्पतालों में नाव के अंदर फंसे लोगों को निकालकर भर्ती किया गया है उनसे मिली जानकारी के आधार पर 20 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं जो स्कूल की छुट्टियों के दौरान घूमने के लिए आए थे। घटना रविवार की शाम सात बजे मलप्पुरम के ओट्टूमपुरम के थूवलथीरम में हुई। अब्दुरहीमन ने कहा कि गंभीर हालत में चार लोगों को कोट्टाकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि 20 शवों में से 15 की पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि नाव को तट पर लाया जा रहा है। नाव के अंदर से और शव मिलने की संभावना है।

## मिग-21 फाइटर जेट क्रैश, तीन महिलाओं की मौत, दोनों पायलट सुरक्षित

**हनुमानगढ़ (एजेंसी)।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में सोमवार सुबह करीब 10:25 बजे भारतीय वायुसेना का मिग-21 फाइटर जेट विमान क्रैश हो गया। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक पुरुष समेत तीन लोग घायल हैं। एक घायल गंभीर बताया जा रहा है। फाइटर जेट के पायलट राहुल अरोड़ा (25 वर्ष) और को-पायलट सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा के गांव बहलोल नगर के पास भारतीय वायुसेना का फाइटर जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर एक घर पर गिर गया। हादसे के दौरान पायलट और को-पायलट ने पैराशूट के जरिए कूदकर अपनी जान बचा ली। लेकिन मकान पर विमान गिरने से आसपास के लोग इसकी चपेट में आ गए। अब तक हादसे में तीन महिलाओं की मौत की खबर सामने आई है। मृतक महिलाओं के नाम बंसो, बंतो और लीलादेवी हैं। हनुमानगढ़ सदर थाना इंचार्ज एसएचओ लखबीर सिंह ने तीन मौतों की पुष्टि की है। हादसे में एक पुरुष समेत तीन लोग घायल हैं।



#### लोगों ने की पायलट की मदद

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पीलीबंगा पुलिस और सेना का हेलिकॉप्टर मदद के लिए मौके पर पहुंचा। हादसे के बाद गांव के लोग तत्काल घटनास्थल की तरफ भागे और पैराशूट की सहायता से उतरे पायलट की मदद की। लोगों ने पायलट को छांव में लिटाया और उसे मालिश की। वहीं, कुछ लोगों ने जिस घर पर विमान गिरा उसमें लगी आग को बुझाया। हादसे की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

#### उड़ान भरने के 15 मिनट बाद विमान में आई थी खराबी

बताया जा रहा है कि फाइटर जेट ने सूरतगढ़ एयर बेस से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही तकनीकि खराबी के चलते पायलट ने विमान पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। हादसे से पहले दोनों पायलट ने खुद को विमान से इजेक्ट करके अलग कर लिया था। सूझबूझ के चलते विमान के पायटल और को-पायलट दोनों सुरक्षित बच गए।

#### पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

हनुमानगढ़ में क्रैश हुए मिग-21 विमान को पायलट राहुल अरोड़ा उड़ा रहे थे। उनकी सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के वक्त वह किसी तरह विमान को घनी आबादी वाले इलाके से दूर लेकर पहुंचे, लेकिन जिस मकान पर विमान गिरा वह रिहायशी इलाके में सबसे आखिर में बना था। हादसे के प्रत्यक्षदर्शी हरीश और अन्य लोगों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के पायलट द्वारा सूझबूझ से काम लेते हुए विमान को गांव के बाहर की तरफ लाया गया, घनी आबादी वाले इलाके में विमान के गिरने से और भी बड़ा हादसा हो सकता था। जिस घर पर विमान गिरा है, वहां बच्चे खेल रहे थे।

## चक्रवाती तूफान! आईएमडी की मछुआरों-नाव संचालकों को सलाह, बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में न जाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल की दक्षिण-पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है और इसके असर से सोमवार को इस क्षेत्र के ऊपर कम दबाव का एक क्षेत्र बनने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद इसके मार्ग और तीव्रता के बारे में जानकारी दी जाएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि मछुआरों और जहाज, नौका संचालकों को सलाह दी जाती है कि वे रविवार से दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के आसपास के क्षेत्रों में और नौ मई से दक्षिण-पूर्व और आसपास के मध्य बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में न जाएं।

विभाग के बुलेटिन में कहा गया है कि इसके बाद बंगाल की खाड़ी के मध्य में और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर की ओर इसके एक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। आईएमडी के महानिदेशक जी. मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद इसके मार्ग और तीव्रता का विवरण प्रदान किया जाएगा। मौसम की स्थिति पर नियमित रूप से निगरानी रखी रही है। मौसम कार्यालय ने यह भी कहा कि 10 मई से 12 मई तक दक्षिण पूर्व और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में समुद्र की स्थिति बहुत खराब से उच्च रहने की संभावना है। आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि जो लोग दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर में हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर लौटने की सलाह दी जाती है और मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर वाले लोगों को 9 मई से पहले लौटने की सलाह दी जाती है।

#### 8 से 12 मई के बीच भारी बारिश की उम्मीद, 60 किमी प्रतिघंटा से हवा चलने की संभावना

इसने 8-12 मई की अवधि के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास पर्यटन और अपतटीय गतिविधियों और शिपिंग के नियमन का भी सुझाव दिया। आईएमडी ने कहा कि सिस्टम के प्रभाव में, 8 से 12 मई के बीच अधिकांश स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की उम्मीद है। 7 और 8 मई को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और आसपास के अंडमान सागर में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इस बीच, ओडिशा सरकार ने आईएमडी के पूर्वानुमान के मद्देनजर 18 तटीय और आसपास के जिलों को अलर्ट पर रखा है। संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आईएमडी के पूर्वानुमानों पर नजर रखने को कहा गया है।

## सुकमा में डीआरजी जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराए दो नक्सली, भारी मात्रा में हथियार बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेजा इलाके में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। डीआरजी जवानों व नक्सलियों की यह मुठभेड़ जिले के भेजी थानाक्षेत्र के दंतेशपुरम इलाके में हुई। सुकमा एसपी सुनील शर्मा के नेतृत्व में इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ की जगह पर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी, कोबरा, सीआरपीएफ के जवान अलग-अलग स्थलों से दंतेशपुरम के जंगल की ओर रवाना हुई थी द्य सुरक्षाबलों को 8 लाख का इनामी नक्सली मड़कम एर्रा और कुछ और साथियों के मौजूद होने के सूचना मिली थी। इसके बाद जब सोमवार सुबह जवानों की अलग-अलग टुकड़ी जंगल की ओर जा रही थी। इस बीच नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की और महिला नक्सली सहित दो को मार गिराया है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल ने आठ लाख के इनामी गोलापल्ली एलओएस कमांडर मुडकम एर्रा व एलओएस सदस्य भेमी को मार गिराया है। इस पूरे ऑपरेशन को भी एसपी सुनील शर्मा ने लीड किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा मे हथियार भी बरामद किया है।

## ‘अभिमन्यु’ तैयार कर रहे कोचिंग संस्थान

श्रीकंचनपथ




देश के शीर्ष शिक्षा संस्थानों में ‘ड्रॉप-आउट्स’ की संख्या बढ़ती जा रही है। 2016 से 2020 के बीच देश की 7 प्रमुख आईआईटी से यूजी के 440 विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से 63 प्रतिशत विद्यार्थी आरक्षित वर्ग से थे। मेडिकल कालेजों का हाल भी इससे अलग नहीं है। पिछले पांच सालों में एमबीबीएस के 160 विद्यार्थियों ने पढ़ाई बीच में छोड़ दी। पीजी (सर्जरी) के 114, पीजी (एमएस आर्थो) के 50, पीजी (ओबीजी) के 103, ईएनटी के 100, एमडी जनरल मेडिसिन के 56, बाल्य रोग के 54 सहित अन्य विषयों के कुल 1166 विद्यार्थियों ने बीच में अपनी पढ़ाई को विराम दे दिया। इसी अवधि में एमबीबीएस के 64 और पीजी कोर्सेस के 55 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर ली। कुछ ऐसा ही हाल सीए, सीएस और सीएमए का है। 80 फीसदी से ज्यादा विद्यार्थी घुस तो जाते हैं पर निकल नहीं पाते। सवाल यह उठता है कि 4 साल की कड़ी मेहनत के बाद इन संस्थानों तक पहुंचे ये विद्यार्थी आखिर क्यों हिम्मत हार जाते हैं। इसका जवाब छिपा है इन संस्थानों की प्रवेश प्रक्रिया में। तीन घंटे की एक परीक्षा से यह तय कर लिया जाता है कि कौन देश के शीर्ष संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने योग्य है। इन तीन घंटों में विद्यार्थी तीन अलग-अलग विषयों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करता है। जाहिर है कि इन परीक्षाओं के लिए अलग से तैयारी की जरूरत पड़ती है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और सीए एंट्रेस के लिए बच्चों को तैयार करने का देश में बड़ा उद्योग चल रहा है। इनमें से कईयों की कमाई का तो सरकार को अंदाजा तक नहीं है। जिन बियाबान जगहों पर इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है वहां चाय-पानी भले ही न मिलती हो, इन संस्थानों के लोग वहां हजार-पांच सौ खूबसूरत रंगीन पुस्तिकाएं मुफ्त में बांट आते हैं। कमाई इतनी है कि अगर एक भी एडमिशन हो गया तो पूरा पैसा सूद सहित वापस मिल जाता है। दरअसल, ये संस्थान ‘अभिमन्यु’ तैयार करते हैं। अभिमन्यु के बारे में हम सभी जानते हैं कि महाभारत युद्ध में वह चक्रव्यूह को भेद कर घुस तो गया पर निकलने का रास्ता उसे मालूम नहीं था। उसे वहां घेरकर मार दिया जाता है। ऐसी ही हालत कोचिंग संस्थानों में एंट्रेंस की वैतरणी पार करने की तकनीक सीखने वालों की है। कोई आश्चर्य नहीं कि इन परीक्षाओं को पास नहीं बल्कि ‘क्रैक’ किया जाता है। यहां पास-फेल जैसी कोई अवधारणा नहीं है। बस रेस में आगे निकलना है। इन परीक्षाओं को ‘क्रैक’ करने के लिए कुछ विद्यार्थी 9वीं कक्षा से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। इसके बाद के चार साल उस पर दोहरा दबाव होता है। पाठ्यक्रम तो वही होता है पर दोनों ही परीक्षाएं इतनी जुदा हैं कि बच्चे को दोहरी तैयारी करनी होती है। क्या जिम्मेदारों का फर्ज नहीं कि इन परीक्षाओं को युक्तिसंगत और तार्किक बनाने की कोशिश की जाए?


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....




शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### बीतती हुई महामारी

कोरोना महामारी पूरी तरह विदा नहीं हुई है, पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा कर दी है कि कोविड-19 अब वैश्विक आपातकाल कहलाने योग्य नहीं है। कोरोना का विनाशकारी रूप तो पिछले साल ही बीती बात हो गया था और अब विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा एक तरह से प्रतीकात्मक ही है। इस घोषणा से तत्काल कोई बड़ा असर नहीं पड़ने वाला। दुनिया के अलग-अलग देशों में इसे लेकर अलग-अलग प्रोटोकॉल है, जो आगामी दिनों में भी जारी रहने की उम्मीद है। दुनिया भर में कम से कम 70 लाख लोगों की जान लेने वाली सदी की इस सबसे भयानक महामारी का आपातकालीन चरण भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, महामारी समाप्त नहीं हुई है। असली खुशी उसी दिन होगी, जिस दिन महामारी के अंत की घोषणा होगी। दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में मामले अभी बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि अभी भी हर सप्ताह हजारों लोग इस वायरस से मर रहे हैं। याद रहे, इस स्वास्थ्य एजेंसी ने पहली बार 30 जनवरी, 2020 को कोरोना वायरस को एक वैश्विक संकट घोषित किया था। तब संक्रमण चीन व कुछ ही अन्य देशों में हुआ था। धीरे-धीरे यह संक्रमण पूरी दुनिया में फैल गया और दुनिया ने एक बड़ी व्यापक त्रासदी को झेला। तीन साल से अधिक समय तक विश्व में इस महामारी से 76 करोड़ 40 लाख लोग संक्रमित हुए। इसका सबसे ज्यादा दर्द अमेरिका ने झेला है। वहां दस करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमण के शिकार हुए और साढ़े दस लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। दूसरे स्थान पर ब्राजील है, जहां सात लाख से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए, तो तीसरे स्थान पर भारत, जहां पांच लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत दर्ज हुई है। यह बात भी गौर करने की है कि अमेरिका में कोविड-19 के संबंध में की गई सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन घोषणा 11 मई को समाप्त होने वाली है। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन सहित कई अन्य देशों ने पिछले साल ही महामारी के खिलाफ अपने कई प्रावधानों को हटा दिया था। कुल मिलाकर, यह महामारी अमेरिका के लिए बहुत बड़ा सबक है। जब आपात स्थिति की घोषणा हुई थी, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि कोरोना का असर सबसे ज्यादा उन देशों पर होगा, जहां स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा कमजोर है। आज आंकड़े बता रहे हैं कि सशक्त स्वास्थ्य ढांचे वाला अमेरिका भी महामारी से अपने लोगों को बचा न सका। इसके लिए दो बातों को हमेशा याद किया जाएगा, अव्वल तो अमेरिकी प्रशासन ने इस खतरे को समझने में देर कर दी और दूसरी, अमेरिकियों ने अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को तुलनात्मक रूप से कमजोर पाया। अब सवाल यह है कि जब दुनिया में कोरोना महामारी को आपातकाल के रूप में नहीं माना जाएगा, तब क्या होगा? पहली चिंता कोरोना वैक्सीन को लेकर है। शायद आने वाले दिनों में वैक्सीन को हम कीमती होते देखेंगे? पेटेंट मामले में जो रियायत मिलती रही है, वह समाप्त हो सकती है। एक अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग पांच अरब लोगों को टीके की कम से कम एक खुराक मिल चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी अपनी भूमिका की समीक्षा करनी चाहिए। गरीब व विकासशील देशों के स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विशेष रूप से भारत को अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे का विकास बहुत तेजी से करना चाहिए।

> “ जब आपात स्थिति की घोषणा हुई थी, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि कोरोना का असर सबसे ज्यादा उन देशों पर होगा, जहां स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा कमजोर है। आज आंकड़े बता रहे हैं कि सशक्त स्वास्थ्य ढांचे वाला अमेरिका भी महामारी से अपने लोगों को बचा न सका। इसके लिए दो बातों को हमेशा याद किया जाएगा, अव्वल तो अमेरिकी प्रशासन ने इस खतरे को समझने में देर कर दी और दूसरी, अमेरिकियों ने अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को तुलनात्मक रूप से कमजोर पाया।

## आमूल बदलाव के संकेत

वैसे यह सच है कि चीन की कुछ नीतियां ही युवान के अंतरराष्ट्रीयकरण की राह में बाधक हैं। मसलन, पूंजी नियंत्रण एक ऐसी नीति है, जिसके रहते युवान के लिए डॉलर की जगह ले पाना मुश्किल बना रहेगा। दुनिया की वित्तीय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। अब यह पश्चिमी विशेषज्ञ भी मानने लगे हैं कि जिस तरह से चीन की मुद्रा युवान में अंतरराष्ट्रीय भुगतानों की संख्या बढ़ रही है, उससे अमेरिकी डॉलर के समानांतर एक नई भुगतान व्यवस्था की नींव तैयार हो रही है। दरअसल, पश्चिमी मीडिया में इस बदलाव की चर्चा भरी पड़ी है। इस परिघटना को डि-डॉलराइजेशन के नाम से जाना जा रहा है। दरअसल, आंकड़ों के मुताबिक मार्च में पहली बार ऐसा हुआ कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले युवान में ज्यादा भुगतान किया गया। हालांकि अमेरिकी डॉलर अब भी दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक भुगतानों की प्रमुख मुद्रा है, लेकिन पश्चिम एशिया से लेकर रूस और लैटिन अमेरिका तक ऐसे देशों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार में भुगतान युवान में कर रहे हैं। पश्चिमी विश्लेषकों के मुताबिक ऐसी संभावना फिलहाल कम ही दिखती है कि पूरी दुनिया में आपसी भुगतान युवान में होने लगे। लेकिन यह सच है कि एक नया व्यापारिक ढांचा खड़ा हो रहा है।

खास तौर पर रूस को पश्चिमी भुगतान व्यवस्था से बाहर किए जाने के कदम ने इस व्यवस्था को मजबूती दी है, क्योंकि रूस के साथ व्यापार करने वाले देश अब वैकल्पिक व्यवस्थाएं तलाश रहे हैं। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि चीन, रूस और ब्राजील दुनिया के सबसे बड़े कमोडिटी निर्यातक और आयातक हैं। वे अब अंतरराष्ट्रीय लेन-देने के लिए युवान का इस्तेमाल करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उनका सहयोग अन्य देशों को भी युवान की ओर आकर्षित कर सकता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में युवान का हिस्सा मात्र 2.2 प्रतिशत है। लेकिन उसका हिस्सा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अभी तक दुनिया के व्यापारिक लेन-देन पर अमेरिकी डॉलर, यूरो, स्टर्लिंग और येन का कब्जा रहा है। यह पहला मौका है, जब इसमें एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आता दिख रहा है। वैसे यह सच है कि चीन की कुछ नीतियां ही युवान के अंतरराष्ट्रीयकरण की राह में बाधक हैं। मसलन, पूंजी नियंत्रण एक ऐसी नीति है, जिसके रहते युवान के लिए डॉलर की जगह ले पाना मुश्किल बना रहेगा।

## भाजपा का हल्ला और कांग्रेस की चुप्पी!

कर्नाटक विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे भाजपा का हल्ला बढ़ता जा रहा है, जबकि उसी अनुपात में कांग्रेस का शोर थमता जा रहा है। सवाल है कि कांग्रेस ने कैसे इस तरह से अपना चुनाव प्रचार प्लान किया कि आखिरी दिनों में बड़े नेताओं का प्रचार नहीं हो रहा है? राहुल गांधी की आखिरी चुनावी सभा दो मई को हुई, उसके बाद छह मई तक वे प्रचार के लिए नहीं गए। पता नहीं दिल्ली में वे क्या करते रहे? शुक्रवार को जरूर यह सुनने में आया कि वे दिल्ली यूनिवर्सिटी गए थे और पीजी मेन्स हॉस्टल में यूनिवर्सिटी के छात्रों से मिले और उनके साथ खाना खाया। क्या यह काम उनको कर्नाटक की किसी यूनिवर्सिटी में जाकर नहीं करना चाहिए था? इसी तरह प्रियंका गांधी वाड्रा की आखिरी रैली भी दो मई को हुई और उसके बाद वे छुट्टी मनाने राजस्थान के रणथंभौर चली गईं। कांग्रेस के दोनों स्टार प्रचारकों के ऐन मतदान से पहले छुट्टी पर जाने के बाद सोनिया गांधी कर्नाटक पहुंचीं और उन्होंने हुबली में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। चार साल के बाद वे किसी चुनाव प्रचार में उतरी थीं तो इसका माहौल बना लेकिन उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो भारी पड़ा।

> “ समस्या की शुरुआत हुई थी साल 2008 में, जब दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आई थी। यह पूरी दुनिया की समस्या थी और हर देश ने इससे निकलने के लिए अलग-अलग रास्ता आजमाया। मसलन, अमेरिका ने अपने उद्योग-धंधों को सीधे आर्थिक मदद और राहत देकर समस्या से निपटने की कोशिश की। बाकी देश तो देर-सबेर इससे बाहर आ गए, लेकिन ब्रिटेन इससे पार नहीं पा सका है।

# क्या इस ब्रिटेन से कोई सबक लेगा

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार



जब हम अपनी आजादी के बारे में सोचते हैं, तो ब्रिटेन के बारे में जरूर सोचते हैं। वह मुल्क, जिसने हमें अपने साम्राज्य का हिस्सा बनाया और फिर एक लंबी लड़ाई के बाद हम उसकी दासता से मुक्त हो सके। हमारे स्वतंत्रता आंदोलन ने हमें उस ताकत से मुक्ति दिलाई, जिसके बारे में यह कहावत मशहूर थी कि बरतानिया के साम्राज्य में कभी सूरज नहीं डूबता है। अब जब खुद वही ब्रिटेन लगातार सांझ के अंधेरों की तरफ बढ़ता दिख रहा है, तो अमेरिका के एक विचारक नाओम चोमस्की ने जो कहा है, उस पर ध्यान देना जरूरी है। उनका कहना है कि यूके, यानी ग्रेट ब्रिटेन में इस समय दासता का एक भाव है, वह अब कोई स्वतंत्र राष्ट्र नहीं है। यह बात उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध पर दिए गए एक इंटरव्यू में कही है। जाहिर है, उनका इशारा इस ओर है कि विदेश नीति के मामले में यह मुल्क अमेरिका की ही नीतियों को आगे बढ़ाता है।

चोमस्की ने यह बात उस समय कही, जब ब्रिटेन में सम्राट चार्ल्स के राज्यारोहण की तैयारियां चल रही थीं और इन दिनों वहां के अखबार ज्यादातर इसी की खबरों से भरे पड़े हैं। राज्यारोहण वहां दिलचस्प विषय बना हुआ है। भीषण आर्थिक संकट में फंसा यह देश एक पुरानी परंपरा की चमक में ही राहत तलाश रहा है। यहां एक चीज और ध्यान देने की है। चोमस्की के इस बयान को एक सिरफिरे बुद्धिजीवी का उवाच मानकर पूरे ब्रिटेन ने चुप्पी साध ली है। न उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए, न उनके पुतले जलाए गए, न ही बयानबाजी हुई और न ही ट्विटर को रंगा गया। यह इंटरव्यू एक ब्रिटिश पत्रिका ने ही लिया था, उसके खिलाफ भी कहीं कुछ नहीं कहा गया। किसी ने उसे अदालत में नहीं घसीटा।

आप चाहें, तो इसमें ब्रिटिश समाज के अंतर्विरोध को भी देख सकते हैं। एक तरफ यह एक ऐसा लोकतांत्रिक देश है, जो अपनी समस्याओं के बीच राजशाही के खर्चीले वैभव पर गदगद रहता है, तो दूसरी तरफ, यह नाओम चोमस्की की बदमजगी को भी बिना आपा खोए बर्दाश्त कर लेता है। फिलहाल ब्रिटेन की बड़ी चिंता वहां की लगातार खराब होती अर्थव्यवस्था है, जो पिछले डेढ़ दशक में हर क्षण बदतर होती जा रही है। वहां खाने-पीने के सामान की हर तरफ तंगी चल रही है। खाद्य मुद्रास्फीति इस समय 16 प्रतिशत तक पहुंच गई है। लगातार बढ़ती महंगाई का असंतोष लोकतांत्रिक देशों को कैसे झझकोरता है, यह समझना हो, तो ब्रिटेन सबसे अच्छा उदाहरण है। सीमित आमदनी में खर्च बढ़ रहे हैं, तो हर तरफ से हड़ताल की खबरें आ रही हैं। गूगल न्यूज पर ब्रिटेन स्ट्राइक टाइप कीजिए। पता चलेगा कि स्कूल बंद हैं, क्योंकि वहां अध्यापक हड़ताल पर हैं। विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और बाकी कर्मचारी भी हड़ताल पर जा चुके हैं। डॉक्टर हड़ताल पर हैं और बाकी स्वास्थ्यकर्मी तो उनसे पहले ही हड़ताल पर चले गए थे। सरकारी कर्मचारी ही हड़ताल नहीं कर रहे हैं, निजी क्षेत्र वाले भी यह रास्ता अपना रहे हैं। बेशक, ब्रिटेन का हाल पाकिस्तान या श्रीलंका जितना बुरा नहीं, फिर भी स्थिति काफी खराब है। तमाम अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि कभी पूरी दुनिया के अगुवा रहे इस देश ने अब खुद को ऐसे अर्थसंकट में फंसा लिया है, जिससे निकलने का रास्ता इसे समझ नहीं आ रहा है।

समस्या की शुरुआत हुई थी साल 2008 में, जब दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आई थी। यह पूरी दुनिया की समस्या थी और हर देश ने इससे निकलने के लिए अलग-अलग रास्ता आजमाया। मसलन, अमेरिका ने अपने उद्योग-धंधों को सीधे आर्थिक मदद और राहत देकर समस्या से निपटने की कोशिश की। बाकी देश तो देर-सबेर इससे बाहर आ गए, लेकिन ब्रिटेन इससे पार नहीं पा सका है। उसने मंदी से निपटने का जो रास्ता अपनाया, वह सबसे अलग था। उसने अपने राष्ट्रवाद को जगाकर उस समस्या का मुकाबला करने की कोशिश की, जो मूल रूप से आर्थिक थी।

दुर्दिन के उन दिनों में वहां यह नैरेटिव रचा गया कि सारी समस्या इसलिए है कि ब्रिटेन ने अपनी राष्ट्रीय पहचान को दांव पर लगाकर यूरोपीय संघ में शामिल होने की गलती कर दी है। वैसे, उस समय यूरोपीय संघ के कई और भी देश भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। ग्रीस का संकट तो ब्रिटेन से भी ज्यादा बड़ा था, लेकिन राष्ट्रवाद की जो आंधी ब्रिटेन में चलाई गई, लोग किसी दूसरे रास्ते के बारे में सोचने को तैयार ही नहीं थे। हालांकि, ज्यादातर विशेषज्ञ यही कह रहे थे कि अगर ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर आता है, तो उसका नुकसान बहुत ज्यादा होगा, लेकिन वह विपरीत बुद्धि वाला काल था। इतिहास में ऐसे कई मौके आते हैं, जब नई बीमारी का नया इलाज ढूंढ़ने के बजाय कई समाज झाड़-फूंक की शरण लेने में ही अपनी भलाई समझने लगते हैं। ब्रिटेन में यही हुआ। लोग इस बात पर ही यकीन कर रहे थे कि उनके अतीत का गौरव उन्हें आर्थिक समस्या से बाहर ले आएगा।

यूरोपीय संघ से बाहर आने के लिए जो बवंडर चला, वह इतना बढ़ गया कि इस मांग को नजरंदाज करना असंभव बन गया। आखिर 2016 में इस पर जनमत संग्रह किया गया कि ब्रिटेन को यूरोपीय संघ में बने रहना चाहिए या नहीं? इस जनमत संग्रह को 'ब्रेग्जिट' का नाम दिया गया। हर जगह जो माहौल बनाया गया था, उसमें बहुमत ने यूरोपीय संघ से बाहर आने का फैसला दे दिया। आंधी ने अपना फैसला सुना दिया था। आंधियां उखाड़-पछाड़ तो कर लेती हैं, पर नई नींव रखने की क्षमता उनके पास नहीं होती। राष्ट्रवाद की आंधी चलाने वाले राजनीतिक दल और नेता इतने दूरदर्शी भी नहीं थे कि कोई जोरदार वैकल्पिक रास्ता तैयार करते। इसलिए जो नतीजा निकला, वह भीषण संकट के रूप में सामने है। अर्थशास्त्र की चाल बड़ी क्रूर होती है, इसका मुकाबला यथार्थ के ठोस धरातल पर खड़े होकर ही किया जा सकता है। भावनाओं में बहने वाले इसके सामने ज्यादा नहीं टिक पाते हैं।

यह उसी ब्रिटेन की बात है, जहां सबसे पहले औद्योगिक क्रांति हुई थी। पूरी दुनिया ने उद्योग संस्कृति के शुरुआती सबक इसी देश से सीखे थे, और अब वही ब्रिटेन फिलहाल जिस मोड़ पर घिसट रहा है, दुनिया भर के देश चाहें, तो उससे भी कई अहम सबक सीख सकते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# महज सोलह साल में आठ गुना मूल्यवान हो गया आईपीएल

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार



क्रिकेट की दुनिया में आईपीएल मतलब 'इंडियन प्रीमियर लीग' ने एक लंबा सफर तय कर लिया है। जब मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच इसका 1000वां मैच खेला गया, तब यह स्पष्ट हो गया कि रंगारंग क्रिकेट का यह स्वरूप अब परिपक्व हो गया है। इस साल के आईपीएल टूर्नामेंट को हर लिहाज से सर्वश्रेष्ठ माना जा रहा है। 16 साल का सफर पूरा हो गया है। इन वर्षों में क्रिकेट की दिशा और दशा, दोनों बदल गई है और यह दुनिया का सबसे कामयाब लीग है। आईपीएल की जब 2008 में शुरुआत की गई थी, तब इसे 'क्रिकेटेनमेंट' का नाम दिया गया था। इसका मकसद था, क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए मनोरंजन का तड़का लगाया जाए, पर अब स्थिति यह है कि विशुद्ध क्रिकेट की वजह से यह दुनिया की सबसे लोकप्रिय लीग बन गई है।

आईपीएल के मूल्य में खूब इजाफा हुआ है। लीग की शुरुआत के समय इसकी वैल्यू 1.1 अरब डॉलर थी, जो 2022 तक बढ़कर 8.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। पिछले साल गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के रूप में दो नई टीमें शामिल किए जाने के बाद इस लीग को बहुत फायदा पहुंचा है और एक साल में इसके मूल्य में खासी बढ़ोतरी हुई है। 2021 में इस लीग का मूल्य 6.2 अरब डॉलर था, 2022 में 8.4 अरब डॉलर हो गया। आज मुंबई इंडियंस 8.3 करोड़ डॉलर के मूल्य के साथ नंबर वन टीम है। कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

यह लीग सभी देशों के खिलाड़ियों को आकर्षित करती है। इसमें शुरुआती वर्षों में पाकिस्तान के खिलाड़ी भी भाग लेते थे। इसमें टेस्ट खेलने वाले बाकी सभी देशों के क्रिकेटर तो भाग लेते ही हैं, साथ ही, सहयोगी सदस्यों में हॉलैंड, अमेरिका, अमीरात और नेपाल के खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलता है। दुनिया के लगभग 1,000 क्रिकेट खिलाड़ियों में से करीब 400 खिलाड़ियों को नीलामी में शामिल किया जाता है। भारतीय क्रिकेट में हुई इस आर्थिक क्रांति ने क्रिकेटरों के लिए बेहतर माहौल बना दिया है। सैकड़ों खिलाड़ियों की माली हालत तो सुधरी ही है, दुनियाभर के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर, सपोर्ट स्टाफ, क्रिकेट विशेषज्ञ भी जमकर कमाई कर रहे हैं।

आईपीएल में समय के साथ नियम भी खूब बदले हैं। इस बार लागू किए गए इम्पेक्ट प्लेयर के नियम ने तो इस खेल को 12-12 खिलाड़ियों के खेल में बदल दिया है। इसमें मैच खेलने वाली दोनों टीमों को खेल शुरू होने से पहले चार-चार स्थानापन्न खिलाड़ियों के नाम देने पड़ते हैं और टीम मैच में किसी भी समय इन खिलाड़ियों में से किसी एक को अंतिम एकादश में शामिल कर सकती है।

अब बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने वाली टीमों को अंपायर के वाइड गेंद के फैसले का रिव्यू कराने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा कमर से ऊपर फुलटॉस को नो बॉल कराने के लिए रिव्यू कराने का भी नियम है। ऑटो नो बॉल के नियम ने भी खेल को एकदम से बदल दिया है। हमें याद है कि अभी कुछ साल पहले आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच एक महत्वपूर्ण मैच खेला जा रहा था और आरसीबी को लसिथ मलिंगा द्वारा फेंके जा रहे आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर जीतने के लिए सात रन बनाने थे। मलिंगा ने नो बॉल डाली, पर अंपायर की निगाह नहीं जाने पर आरसीबी वह मैच हार गई। मगर अब वैसी गलती दोहराई नहीं जा सकती। अब तीसरा अंपायर तकनीक की मदद से नो बॉल पर निगाह रखता है और गेंदबाज का पैर आगे निकलते ही सायरन बज उठता है।

हालांकि, आईपीएल सबसे ज्यादा ध्यान कमाई की वजह से खींचता है। यहां खिलाड़ियों की किस्मत बदल जा रही है। यह क्रिकेटरों को करोड़पति बना रहा है। पिछले दिनों मुंबई के खिलाफ सैकड़ा जड़ने वाले 21 वर्षीय यशस्वी जायसवाल के बारे में कहा जाता है कि वह क्रिकेट सीखने का खर्च निकालने के लिए स्टेडियम के बाहर गोलगप्पे बेचा करते थे। इसी तरह, केकेआर के लिए खेल रहे रिंकू सिंह की भी कहानी है। कभी क्रिकेट खेलने का शौक पूरा करने के लिए अलीगढ़ में कोचिंग सेंटर में झाड़ू-पोंछा लगाने का काम करने वाले रिंकू अब अपने शहर के गरीब क्रिकेटरों के लिए स्टेडियम में होस्टल बनाने की सोच रहे हैं। यह आईपीएल का ही कमाल है।

**( ये लेखक के अपने विचार है )**

# नशे की समस्या पर पार पाने का सही वक्त

राजेश रामचंद्रन

यह कहना कि पंजाब में नशा एक समस्या है या इसे नशे की लत के खतरे ने जकड़ रखा है, एक घिसा-पिटा वाक्य कहा जाएगा। हालांकि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। तथ्य तो यह है कि पंजाब में समस्या की जड़ कुछ राजनेता हैं और भ्रष्ट पुलिस वालों के खतरे से प्रदेश ग्रस्त है। इन दोनों बीमारियों ने नशे की सौदागरी और लत सहित अलग-अलग रूप धर रखे हैं। भगवंत मान सरकार ने अब सहायक पुलिस महानिदेशक राज जीत सिंह को नौकरी से निकालने और केस दर्ज करने की कार्रवाई की है। यह वाकई स्वागतयोग्य कदम है। लेकिन क्या बस यहीं तक? घपलेबाज राजनेताओं और भ्रष्ट पुलिस वालों की जुगलबंदी से पंजाब में जो इतना विशाल नशा माफिया पंजे गड़ाए है और जिसके खिलाफ लड़ाई का जनादेश पंजाबी मतदाताओं ने मौजूदा सत्ताधारियों को दिया है, क्या वह छोटे-मोटे प्यादों की गिरफ्तारियों तक सिमटकर रह जाएगा?

छोटी हो या बड़ी, पंजाब की तमाम नशे संबंधी गतिविधियों के पीछे पुलिस से सांठ-गांठ होना है और कहा जाये तो यहां नशे की समस्या वास्तव में कुछ भ्रष्ट पुलिस वालों का बनाया कैंसर है। एक उदाहरण है पूर्व पुलिस उप-अधीक्षक जगदीश सिंह भोला का, जिसे नशे की रासायनिक दवाओं के कारोबार के केस में 2013 में गिरफ्तार किया गया था और 2019 में सजा हुई। इस मामले ने हजारों करोड़ रुपये के नशे के धंधे की पोल खोल दी जिसमें सिद्ध हुआ कि सिंथेटिक नशीली दवाएं बनाकर, कनाडा और यूरोप के मुल्कों को निर्यात की जाती हैं। इस केस ने पंजाब के बड़े पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं को यह मौका भी दिया था कि नशे की समस्या की जड़ को पहचानें और समुचित उपाय करें।



लेकिन उन्होंने किया कुछ नहीं– क्योंकि कथित तौर पर सड़न बिल्कुल शीर्ष पर थी। तफ्तीश में भोला ने तत्कालीन कराधान मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया का नाम बतौर सह-आरोपी लिया था। अब जिस तरह पुलिस निरीक्षक इंदरजीत सिंह और सहायक पुलिस महानिदेशक को नौकरी से निकाला गया या सजा दी गई है, उसी तरह भोला वाले मामले में उसको तो मुख्य आरोपी बना दिया परंतु उसके संरक्षक राजनेताओं की भूमिका की जांच तक नहीं हुई। इस बार जबकि आम आदमी पार्टी सरकार पंजाब में नशे की समस्या से निबटने को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो इसकी हकीकत मजीठिया को जमानत पर रिहा करते वक्त आये उच्च न्यायालय के आदेश को पढ़ने पर समझ आ जाएगी कि कैसे जांच प्रक्रिया दरअसल फर्जी रही। पहले कांग्रेस सरकार के वक्त और अब मौजूदा सरकार के समय भी जिसके चलते मजीठिया को नियमित जमानत मिल पाई। यह पूरा मामला गिरफ्तार किए गए कुछेक आरोपियों द्वारा दिए बयानों और हरप्रीत सिंह सिद्धू के नेतृत्व वाले विशेष कार्य बल की जांच रिपोर्ट पर टिका हुआ लगता है, जिसपर आगे कार्रवाई करने को लेकर सत्ता में आयी विभिन्न सरकारें कन्नी काटती रहीं। वर्ष 2018 में हरप्रीत सिंह सिद्धू ने न्यायालय में जो स्थिति रिपोर्ट जमा की है, उसमें बताया गया है : मजीठिया के सतप्रीत सिंह 'सत्ता', परमिंदर सिंह 'पिन्दी', जगजीत सिंह चाहल, मनिन्दर सिंह औलख और अमरिन्दर सिंह 'लाडी' से निकट संबंध हैं। आरोप है कि भोला नशे के कारोबार में चाहल, औलख, लाडी, पिन्दी और सत्ता के साथ मिला हुआ था और मजीठिया ने सत्ता और पिन्दी तक रासायनिक नशे की गोलियां पहुंचाने के काम में सहायता की है, मजीठिया और चाहल एवं अन्यों के बीच हुए पैसे के लेन-देन की जांच आगे किये जाने की जरूरत है, और इस बाबत भी जांच हो कि क्या धन को विदेशों में प्रॉपर्टी में परिवर्तित किया गया है। हरप्रीत सिद्धू की रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष, धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में पेश हुए भोला, चाहल और औलख के इकबालिया बयानों का जिक्र है।

लेकिन जो होना था बस यहीं तक हुआ आगे न तो प्रवर्तन निदेशालय और न ही पंजाब पुलिस ने सूबे से चल रहे नशे के अंतर्राष्ट्रीय धंधे को लेकर कोई गंभीर जांच की, जोकि जाहिर है राजनेताओं के सरंक्षण के बिना संभव नहीं। धीरे-धीरे, अरबों रुपयों के इस रासायनिक नशा उद्योग को लेकर उठने वाला तमाम मुद्दा यहां-वहां हेरोइन की खेपों की कुछ ग्राम मात्रा या चरस की कुछ गोलियां पकड़कर मचाये हो-हल्ले में दबा दिया गया। असली बड़ी मछलियां कैप्टन राज में भी अठखेलियां करती रहीं क्योंकि सत्ता ने आंखें फेर ली थीं। ताज्जुब यह कि प्रवर्तन निदेशालय ने भी अपने इस केस में जांच आगे नहीं बढ़ाई। जब पूर्व उप-निदेशक निरंजन सिंह ने दिसंबर 2021 में अपने एक बयान की व्याख्या की कि उनके पास नशे से जुड़ी गतिविधियों में मजीठिया की धन लगाने संबंधी लिप्तता होने को लेकर – वर्ष 2004 से पहले या बाद – कोई सामग्री नहीं थी। हैरानी नहीं कि प्रवर्तन निदेशालय पर इल्जाम लगे कि वह केवल विपक्ष को निशाना बनाता है। वर्ष 2020 तक, आरोपी के परिजन केंद्र की गठबंधन सरकार का हिस्सा रहे। लेकिन केवल निरंजन सिंह को ही दोष क्यों दें, इस मामले के पग-पग पर जांच में कोताही गुस्सा दिलाती है। हाईकोर्ट की देखरेख में बनी विशेष जांच समिति, जिसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे, उसने भोला वाले मामले में दायर मूल एफआईआर में लगभग 10 अतिरिक्त चालान दायर किए। लेकिन मजीठिया को कभी आरोपी नहीं बनाया। यह केवल हरप्रीत सिंह सिद्धू के नेतृत्व वाले विशेष कार्य बल की रिपोर्ट है, जिसने मजीठिया के खिलाफ डटने का साहस दिखाया। आखिरकार, चन्नी सरकार ने मजीठिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की, जोकि सिद्धू की रिपोर्ट पर आधारित थी। परंतु यहां फिर से पुलिस ने मजीठिया को हिरासत में लेकर कभी पूछताछ नहीं की, यह गिरफ्तारी मजाक बन गई। अगर पुलिस की आरोपी से पूछताछ या मौके पर ले जाकर साक्ष्य जुटाने या फिर अपराध स्थापना के अन्य तरीके अपनाए जाने की इच्छा नहीं थी, तो फिर उसे न्यायिक हिरासत में रखने की क्या तुक? जाहिर है मजीठिया पर एफआईआर चन्नी का चुनावी स्टंट था। जब चुनाव निबट लिये और जिस तरह मजीठिया के खिलाफ पर्याप्त सबूतों के बिना यह मामला अदालतों में घिसट रहा है, उसको लेकर हाईकोर्ट द्वारा अपने आदेश में की टिप्पणी सही लगती है 'पेश साक्ष्य कमजोर हैं और भरोसेमंद नहीं लगते'। असल में, सिद्धू की रिपोर्ट के अलावा, अभियोग पक्ष ने मामले को सिरे चढ़ाने को कुछ किया ही नहीं। परंतु, साक्ष्य के अभाव से किसी की निर्दोषता सिद्ध नहीं हो जाती। सिद्धू के अदालत में दिये इस बयान–'इस मामले में मजीठिया की भूमिका की जांच करवाये जाने के ठोस सबूत हैं, जब सरकारी मशीनरी, खासकर वाहन, सुरक्षागार्ड और अन्य सुविधाओं का दुरुपयोग करते हुए नशे के धंधे के प्रचालन और खेप पहुंचाने में सहायता की गयी है'– के बावजूद साक्ष्यों का अभाव पुलिस की खराब कारगुजारी है। जांच एवं अभियोजन पक्ष, जो करीब दस साल सोते रहे, पहले अकाली शासन के समय फिर कैप्टन अमरेंद्र सिंह की सत्ता के दौरान, मजीठिया मामले में चालान पेश करने को अभी भी नहीं जागे, इसकी बजाय राजजीत सिंह जैसों को नौकरी से निकाल लीपापोती की है। अब जबकि, प्रधानमंत्री मोदी दिवंगत प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि देने अकाली दल के दफ्तर पहुंचे और भाजपा अध्यक्ष नड्डा अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688

RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर ने धरसीवा विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज अपने भ्रमण के दौरान धरसीवां विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो का अवलोकन किया ।कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत तर्रा में उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदाय पॉलीहाउस में आर्किड के फूलों की खेती का निरीक्षण किया ।उन्होंने लाभान्वित कृषक से विस्तार में शासन से मिले लाभ की जानकारी ली तथा खेती में होने वाले खर्चे, संभावित आमदनी तथा विक्रय के लिए बाजार आदि की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सारागाव में स्वामी आत्मानंद इंगलिश मीडियम स्कूल में उपस्थित प्राचार्य और शिक्षकों चर्चा कर स्कूल की वस्तुस्तिथि का जायज़ा लिया। उन्होंने वहां स्कूल में बच्चों के प्रवेश, शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता, पानी, बिजली ,टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था, स्कूल के मरम्मत ,रंगाई पुताई आदि सभी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. भुरे ने ग्राम पंचायत पवनी में नरुवा कार्यों और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, जनपद पंचायत धरसीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ शासन के इस निर्णय से सिंधी समाज में खुशी की लहर - पंजवानी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी की बैठक रखी गई सिंधी अकादमी के डायरेक्टर सांस्कृतिक विभाग के छ.ग.शासन के अशोक पंजवानी ने बताया कि जिसमे कार्यकारणी के सभी सदस्य उपस्थित हुए .छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री मान्यवर भूपेश बघेल साहब एवम संस्कृति मंत्री माननीय अमरजीत भगत द्वारा समाज के लिए बजट पास किया गया है उस पर चर्चा की गई एवं किया गया एवम निर्णय लिया गया 1 छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में सिंधी फिल्म लगवाना , 2 दूसरा सिंधु दर्शन के लिया शासन से अनुमति लेकर 100 यात्रियों को सिंधु दर्शन यात्रा कराना 3 तीसरा शेज प्रतियोगिता आयोजित करना 4 चौथा प्रदेश के प्रमुख शहरों में सिंधी संतो हम महापुरुषों की मूर्तियों की स्थापना करना। 5 पांचवा सिंधी नाटक का आयोजन करना 6 छठवां सिंधी कवि सम्मेलन का भी आयोजन करना 7 सातवा रायपुर शहर में पूरे प्रदेश की सिंधी पंचायतों का सम्मेलन करवाना. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### मिशन शिक्षा उन्ननयन अभियान के तहत रावतपुरा सरकार ग्रुप ने कराई ट्रेनिंग

**मनेंद्रगढ़।** रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स ने मिशन शिक्षा उन्ननयन अभियान के तहत खालसा इंग्लिश मीडियम स्कूल मनेंद्रगढ़ की प्रिंसिपल के साथ टीचर्स को आधुनिक टीचिंग टेक्नॉलजी की ट्रेनिंग दी है। आपको बता दे कि श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़इंस्टीटूशन द्वारा पूरे विश्व में मिशन शिक्षा उन्ननयन अभियान चलाया जा रहा है इस उन्ननयन अभियान में स्कूल स्तर के टीचर्स को आधुनिक टीचिंग टेक्नॉलजी पर नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत टीचर अपने क्लास रूम में ट्रेनिंग को प्रयोग में लाकर एकेडमिक एक्सीलेंस ला सके। इसके साथ स्टूडेंट्स में सेल्फड्रिवेन लर्निंग को लाने के लिए, क्लास रूम का एनवायरनमेंट अच्छा बनाने के लिए,टीचिंग लर्निंग प्रोसेस को रुचिकर बनाने के लिए भी बताया गया।

# सिहावा विधायक के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष मरकाम के समक्ष 40 युवा कांग्रेस में शामिल हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सिहावा विधानसभा के गट्टासिल्ली क्षेत्र के युवाओं ने कांग्रेस के रीति नीति एवं प्रदेश सरकार के कार्य से प्रभावित होकर तथा क्षेत्र के विधायक डॉ.लक्ष्मी ध्रुव की कार्यशैली को देखकर क्षेत्र के 40 युवाओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के समक्ष कांग्रेश प्रवेश किया। पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम में सभी युवाओं को फूल माला एवं कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।



इन युवाओं के टीम लीडर आकाश नेताम से मोहन मरकाम द्वारा पूछा गया कि आप लोग आज कांग्रेस की सदस्यता लिए इसका कारण क्या है तो आकाश नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार कार्य कर रही है उससे छत्तीसगढ़ की जनता समुचित विकास और पहचान राज्य स्तर से बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है राज्य के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसरों का लगातार सृजन मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है आज हमारे छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर सबसे कम है और आज किसानों का धान की कीमत मिल रहा है।

समय समय पर जरूरत के समय बोनस मिलता है इससे मैं ज्यादा प्रभावित हुआ हूं तथा आने वाला समय में कांग्रेस पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर आएगी। यह सभी नव कांग्रेस प्रवेश युवकों को विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव द्वारा बधाई दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए तथा उन्होंने कहा भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह के माध्यम से कांग्रेश ज्यादा से ज्यादा युवाओं के बीच पहुंचने की कोशिश में है आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी इसके लिए युवा कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो शंकर को समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर इन युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश की है बधाई के पात्र हैं। मरकाम ने बताया कि आने वाला समय में हम 75 पार करके सरकार बनाएंगे सभी कार्यकर्ता हमारे सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं जो भी व्यक्ति इन योजनाओं के बारे में जान लेंगे वह कभी इधर-उधर नहीं डगमगाएंगे हमें बूथ, जोन ,सेक्टर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर योजनाओं की जानकारी वह घर-घर तक पहुंचाएंगे।

आज जो 40 युवाओं ने मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष एवं सिहावा विधायक के सामने कांग्रेस प्रवेश किए उनका नाम आकाश नेताम, शहजाद मेमन, प्रदीप नेताम, विनोद ध्रुव, आनंद मरकाम, छन्नी सलाम, महेश्वरी सलाम, रुखमणी वटी, जसवंत मरकाम, पिंटू साहू, राजेश नेताम, घनश्याम, परमेंद, पूनम, करण, महेंद्र, आयान, अज्जू नेताम, श्यामू वटी, सूरज प्रजापति, घनश्याम, धनेश, जितेंद्र नेताम, ओमप्रकाश, ललेश यादव अन्य युवा शामिल है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक अंबिका मरकाम, पीसीसी सदस्य लखन लाल ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नगरी भूषण साहू ,जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे, जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, मंडी सदस्य राजेंद्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि रुद्रप्रताप नाग, अख्तर खान, रवि ठाकुर, शकुंतला ठाकुर, अमृतलाल नाग ,राजेंद्र ठाकुर ,सविता सोन, नंदनी कंचन ,तामेश्वरी साहू, विमला मरकाम दीपक बिसेन, सुमित तिवारी, उमेश देव ,राजू सोम, प्रमोद कुंजाम,सिहावा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनू चौहान, नदीम अली , महेन्द्र धेनुसेवक, महेंद्र पांडे,भारत लहरे,आसिफ खान,अनवर छोटु भाई, एवं कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्यपाल के हाथों बस्तर कलेक्टर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के साथ अलेक्जेंडर एम चेरियन, सुशील साहू, सांत्वना सेन भी होंगे सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। कलेक्टर एवं बस्तर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा जिले के सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज दवाई पूरक पोषण आहार की व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कर रहे हैं। बस्तर जिले में रेडक्रॉस के माध्यम से हो रहे इस कार्य को राज्य में मॉडल के रूप में लिया गया है।



पूरे राज्य में एकमात्र बस्तर रेडक्रॉस सोसायटी को निक्षय मित्र के रूप में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। टीबी मरीजों को रेडक्रॉस निक्षय मित्र दानदाताओं दिए गए पूरक पोषण आहार का वितरण कर किया था। रेडक्रॉस को लगातार दो बार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

इस सम्मान से बस्तर का नाम गौरवांवित करने के लिए बस्तर के समस्त जनप्रतिनिधिगण, रेडक्रॉस सहयोगी सदस्यों ने कलेक्टर एवम अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी को बधाई दी है और ऐसे ही जनहित कार्य करने की अपेक्षा की है। बस्तर जिले से ही टीबी मरीजों के लिए किए कार्य के लिए रेडक्रॉस उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर एम एस, सुशील साहू और सांत्वना सेन जी को भी निक्षय मित्र के रूप में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आठ मई को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम में यह सम्मान दिया जाएगा।

इस वर्ष 22-23 के लिए आठ राज्यपाल पुरस्कार में से पांच बस्तर जिले को मिले, इससे पहले भी बस्तर जिला रेडक्रॉस सोसायटी और अलेक्जेंडर एम चेरियन चार बार राज्यपाल से और चार बार मुख्यमंत्री से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने श्रेष्ठ समाजिक कार्य के लिए सम्मानित हो चुके हैं।

## नवागांव वार्ड में हुआ सीसी रोड निर्माण का शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** महापौर विजय देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व पार्षद हबीबुन्निसा ज़फर हाशमी की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथि एमआईसी सदस्य एवं नवागांव वार्ड पार्षद अवैश हाशमी और वार्ड वासियों की उपस्थिति में नवागांव वार्ड में गंगा तालाब मोड़ के पास दुर्गा मंदिर रोड एवं मौज्जन गली में सी सी रोड निर्माण का शिलान्यास हुआ।

उक्त मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय थी बरसात के दिनों में बहुत ही परेशानी और दिक्कतो का सामना आने जाने वालों को करना पड़ता था। पिछले समय महापौर विजय देवांगन हमर क्लीनिक के शिलान्यास कार्यक्रम में आए थे तब पार्षद हाशमी ने उक्त मार्ग की दयनीय स्थिति के बारे में बताए थे और उक्त मार्ग में सी सी रोड बनाने की मांग रखे थे जिस पर महापौर ने आश्वत किए थे और प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान किए जिस पर आज उनके मुख्य अतिथि में शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ अब उक्त मार्ग पर सी सी रोड बनने से बरसात के दिनों में आने-जाने वालों को कोई परेशानी नहीं होगी।

महापौर विजय देवांगन ने उपस्थित वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के वार्डों में विकास के साथ साथ मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# टैगोर जी सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूंकने वाले युगदृष्टा थे: डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती के अवसर पर आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के जिला चिकित्सालय परिसर गौरेला में उनकी मूर्ति का अनावरण और टैगोर वाटिका एवं संग्रहालय का शिलान्यस किया। उन्होंने इस मौके पर नवनिर्मित हमर लैब का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि के सौजन्य से बिसाहू दास महंत जी की जन्म शताब्दी वर्ष समारोह की श्रृंखला में कविवर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी की जयंती पर भाषाविद एवं संगीतज्ञ डॉ. चितरंजन कर द्वारा ''रवींद्र संगीत'' की शानदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम को डॉ. महंत ने संबोधित करते हुए कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर महान व्यक्ति थे। उनकी स्मृति इस क्षेत्र से जुड़ी है। उन्होंने अपनी पत्नी मृणालिनी देवी के टीबी रोग का इलाज कराने सेनोटोरियम में सितंबर 1902 में आए थे। उन्होंने अपनी पत्नी को स्वस्थ्य कराने में काफी समय बिताया। डॉ. महंत ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर जी ने गांधी जी को 'महात्मा' की उपाधि दी थी। टैगोर जी विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूंकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, मरवाही विधायक डॉ. के.के. ध्रुव, पाली-तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा, सोनहत विधायक गुलाब सिंह कमरो, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव, राज्य मदरसा बोर्ड के सदस्य शाहिद राइन सहित अनेक त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जन चौपाल लगाकर संग्राहकों को कर रहें जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा धमतरी द्वारा तेन्दूपत्ता जन आन्दोलन के तहत तेन्दूपत्ता खरीदी समितियों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीण संग्राहकों को जागरूक किया जा रहा है। जन चौपालों में तेंदूपत्ता खरीदी में संग्राहकों/ हितग्राहियों, फड़ मुंशीयों को हो रहे नुकसान के साथ-साथ अन्य वनोपज पर जनजाति वर्ग को यथोचित लाभ नहीं मिलने का मुद्दा उठाया जा रहा है।

महेन्द्र नेताम, जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा ने बताया कि दुगली, मेचका, अरसीकन्हार, जबर्रा, निर्राबेड़ा, खडमा, पठार, मारागांव , चनागांव समिति के गांव में जन चौपाल लगाया गया ।इस दौरान सभी जन चौपाल के प्रभारी श्यामंत बिसेन, नारायण सिंह ध्रुव जनपद सदस्य, अरुण प्रजापति, केशव टेकाम नयापारा फरसियां, विमला ध्रुवा, भागवत मरकाम मेचका, प्रेम सिंह सलाम, राम कुमार नेताम गेदरा, श्यामा मंडावी दुगली, सदाराम यादव देवगांव एवं गावों के संग्राहकगण उपस्थित रहे।

जनजाति मोर्चा की ओर से सिहावा विधानसभा क्षेत्र के लिए मोहन पुजारी, दिनेश्वरी नेताम, प्रेमलता नागवंशी, नरसिंह मरकाम, अनीता ध्रुव, महेश गोटा, खूब लाल ध्रुव, हीरामन सिंह ध्रुव को प्रभारी बनाया गया है।

### अपर कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट विद्यालय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के भवनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर ने जिले के नवागढ़, शिवरीनारायण, भैंसों, पामगढ़, डोंगाकोहरौद में बनाये जा रहे निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विधालय के निर्माणधीन कक्षाओं की संख्या के बारे में जानकारी ली ,विधालय भवन का निर्माण ,शौचालय की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।





ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### रायपुर रेलवे स्टेशन में बढ़ रही सुविधाएं, यात्रियों को मिलेगा लाभ

**रायपुर (ए)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है, जो लगभग पूर्ण होने को हैं। इनके पूर्ण होने से आगामी दिनों में यात्रियों को अनेकों सुविधाओं का फायदा मिलेगा। इनमे प्लेटफॉर्म नंबर 7 की सुविधा, गुढ़ियारी साइड से सीधे स्टेशन में प्रवेश, नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज का लाभ मिलेगा। वहीं रायपुर से टिटलागढ़ के मध्य दोहरीकरण का कार्य पूर्ण होने से गाड़ियों को चलाने की क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की समयबद्धता में वृद्धि होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर-आरव्हीएच के बीच दोहरीकरण और आरव्हीएच व रायपुर स्टेशन यार्ड का आधुनिकरण किया जा रहा है। रायपुर-आर.व्ही. एच. के मध्य ब्लॉक का कार्य 10 मई तक चलेगा। इसके पूर्ण होने से यात्राओं को कई सुविधाएं मिलेंगीं। रायपुर स्टेशन पर बन रहे प्लेटफॉर्म नंबर 7 का कार्य संपूर्ण हो जाएगा। यात्रियों को प्लेटफॉर्म नंबर 7 का फायदा मिलेगा जिससे गाड़ियों का प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर भी आगमन-प्रस्थान कराया जा सकेगा।

### हज यात्री तीसरी किश्त की राशि 15 मई तक जमा करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 13 से प्राप्त सूचना अनुसार, हज 2023 हेतु यात्रा की तीसरी किश्त का इम्बार्केशन पॉइंट वॉइज़ निर्धारण किया गया है। तीसरी किश्त 15 मई 2023 तक ONLINE/SBI/UBI में पूर्व प्रक्रिया अनुसार ही जमा की जाएगी। उन्होंने समस्त हज यात्रियों से अपील की है कि, वे रकम जमा करने के पूर्व हज यात्रियों को देय राशि की जानकारी हज कमेटी की वेबसाइट अथवा कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक +91-0771-4266646 से प्राप्त करने के बाद ही रकम जमा करे एवं जमा की गई रकम की पेस्लिप राज्य हज कमेटी कार्यालय में अनिवार्यत: जमा कराएं।

### मुख्यमंत्री ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 08 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सभी रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि हमें संकटग्रस्त लोगों की मदद एवं उनके जीवन की रक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए। रेडक्रॉस बिना किसी भेद-भाव के विश्वभर में मानवता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहा है। रेडक्रॉस का सेवाभाव और समर्पण सबके लिए अनुकरणीय है।

# 'आकार-2023' का आयोजन- गोदना आर्ट, केनवाश पेंटिंग, बोनसाई आर्ट पर दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण

**400 से अधिक प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं ट्रेनिंग, अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रशिक्षणार्थी स्व-रोजगार अपनाकर बनेंगे आत्मनिर्भर**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक कलाओं पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर आकार-2023 में युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में 400 से अधिक प्रशिक्षणार्थी अलग-अलग विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों को भी इन विधाओं में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से लोगों को स्व-रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।





गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा पारंपरिक शिल्प और कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा लोगों में इनके प्रति रूचि जागृत करने के उद्देश्य से हर वर्ष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 'पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर आकार-2023' का आयोजन रायपुर के सिविल लाइन स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में 01 मई से शुरू हुआ है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 मई तक चलेगा।

संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 2005 से आकार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालय में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा उत्साह के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया 'आकार-2023' में पंजीकृत प्रतिभागियों को म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, क्ले आर्ट, काष्ठ, बांस शिल्प एवं मूर्तिकला, चित्रकला, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, धान ज्वेलरी, ड्राई फ्लावर, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट, पैरा आर्ट, टेराकोटा, रजवार भित्ती, क्लासिकल नृत्य, नाटक, फोक डांस, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोबर आर्ट, वारली आर्ट, पिछवाई आर्ट, सेंड आर्ट, मंडला आर्ट, मांदना आर्ट, गोंड आर्ट, सौरा आर्ट, स्केच पेंटिंग, केनवाश पेंटिंग, बोनसाई आर्ट, वाद्य-यंत्र निर्माण एवं प्रशिक्षण जैसी विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद समापन दिवस प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों एवं सामग्रियों को परिसर में प्रदर्शित किये जाएंगे एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

# हमें बेवजह परेशान कर रही ईडी: एजाज ढेबर



**रायपुर (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने महापौर एजाज ढेबर से शनिवार को लगभग 9 घंटे तक पूछताछ की। उन्हें रविवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रविवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महापौर ढेबर ने कहा कि हम अतिआवश्यक सेवा करने वाले निगम के पदाधिकारी है हम को घंटो बैठाया जा रहा है। हम जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। पिछली सरकार कौन सी दूध के धुले हैं। किसी की जांच नही हुई, नोटिस नही दिया गया किसी को। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही हो सकता।महापौर ने कहा, मेरे भाई के यहां से 22 करोड़ की संपत्ति का आरोप लगाते हैं। हम लोग कांग्रेस के लिए लड़ रहे हैं। पूरे देश मे कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है। हम लोग शुरू से कांग्रेस में थे और सेवा करते रहेंगे। हमारे पूर्वजों ने कांग्रेस को खड़ा किया है। हम जांच में सहयोग करेंगे लेकिन 12 -14 घण्टे पूछताछ न करे। हमने एक पत्र ईडी को लिखा है।

# वन मंत्री मोहम्मद अकबर को भेंट की गई डिजिटल श्रीमद् भगवदगीता

### पढ़ने के अलावा सुना भी जा सकता है


श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर को उनके राजधानी स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नगर पालिका कवर्धा के पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने श्रीमद् भगवद-गीता भेंट की। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह भगवद्गीता सेंसर के जरिए बोलती है। वन मंत्री इस अनोखी भगवद्गीता को देखकर और प्रभावित होकर इसकी प्रशंसा की।

डिजिटल श्रीमद् भगवद्गीता को सेंसर लगे उपकरण के जरिए सुना जा सकता है। लगभग 08 इंच साईज के सेंसर को जैसे ही भगवद्गीता के किसी भी श्लोक के सामने ले जाया जाए सेंसर में लगे स्पीकर से श्लोक सुनाई देना प्रारंभ हो जाता है। इतना ही नहीं भगवद्गीता को 14 अलग-अलग भाषाओं में सुना जा सकता है। जिस भाषा में सुनना है, एक छोटी साईज के कार्ड में अंकित भाषा के विकल्प के सामने सेंसर को ले जाना पड़ता है। इसके पश्चात् सेंसर को श्रीमद् भगवद्गीता में किसी भी श्लोक को उसी भाषा में सुना जा सकता है।

# समर कैम्प: पढ़ाई पर ध्यान दें, रिजल्ट की चिंता छोड़ दें: उमेश गुप्ता



**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में आईपीएस उमेश गुप्ता ने बच्चों को मेमोरी मैनेजमेन्ट पर उपयोगी जानकारी दी। उमेश गुप्ता ने बताया कि हम जो कुछ भी सुनते हैं उसकी एक इमेज हमारे मस्तिष्क में बन जाती है। वह फिर सारे दिन हमको गाईड करता है। इसलिए स्टूडेण्ट लाईफमें सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम या फिर नही ही करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सलाह देते हुए आगे कहा कि हमेशा प्रश्न करना सीखो। जैसे कि यह करना है तो क्यों करना है? लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि हरेक प्रश्न का उत्तर मिले। इसके बावजूद हमें हर कार्य के पहले प्रश्न पूछना चाहिए। राजस्थान के कोटा शहर में एक छात्र का जितना प्रतिशत अंक प्राप्त करने का लक्ष्य था उससे मात्र दो प्रतिशत कम अंक प्राप्त होने पर वह छात्र उसके बारे में सोच-सोचकर डिप्रेशन का शिकार हो गया। इसलिए हमें सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना है। रिजल्ट हमारे हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पालक हमसे ज्यादा अनुभवी होते हैं इसलिए हमेशा उनकी सलाह को मानना चाहिए। आपको जिस फिल्ड में जाना है उस क्षेत्र में सफल लोगों से मिलकर उनका मार्गदर्शन लो। अपनी चारों ओर की वस्तुओं को देखो और जानकारियां हासिल करो। ऐसा करने से बहुत सारी जानकारियॉं आप हासिल कर पाओगे। हर सब्जेक्ट को पढ़ना है। बोरिंग लगे तो उसे रूचिकर बनाओ। पूरी लगन से पढ़ाई पढ़नी है। रिजल्ट के बारे में नहीं सोचना है। अभ्यास करने से आप सब कुछ हासिल कर सकते हो। इसके पहले सत्र में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने टाईम मैनेजमेन्ट विषय पर बच्चों को समय का महत्व बतलाते हुए कहा कि जो व्यक्ति समय को नष्ट करता है एक दिन उसे समय नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में तीन प्रकार के लोग होते हैं। एक वह जो काम को टालते जाते हैं। दूसरे वह जिनके सिर पर काम का बोझ बहुत अधिक होता है। तीसरे वह जो बिजी होते हुए भी इजी होते हैं। उनके पास समय ही समय होता है। तो हमको भी ऐसे ही इजी व्यक्ति बनना है। जो महान व्यक्ति होते हैं उनका हर कार्य करने का निश्चित निर्धारित होता है। इसी प्रकार हमें भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय को महत्व देना है।

# एम्स में पांच रोगियों की सर्जरी कर प्रदेश के 100 से अधिक चिकित्सकों को दी ट्रेनिंग

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सर्वाइकल कैंसर की एडवांस स्टेज के पांच रोगियों का ऑपरेशन लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से कर उन्हें पूर्णतः स्वस्थ किया गया**




**रायपुर (ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सर्वाइकल कैंसर की एडवांस स्टेज के पांच रोगियों का ऑपरेशन लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से कर उन्हें पूर्णत: स्वस्थ किया गया है।

इस संबंध में विशेषज्ञों चिकित्सकों ने प्रदेश के 100 से अधिक चिकित्सकों को लाइव ऑपरेशन के माध्यम से ट्रेनिंग प्रदान की और इस प्रकार के रोगियों को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के माध्यम से त्वरित लाभ प्रदान करने की सलाह दी गई।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक आंकोसर्जन डॉ. शैलेष पुणताम्बेकर ने एम्स में ही पांच गर्भाशय कैंसर की थर्ड स्टेज, एंडोमेट्रीयोसिस और जटिल वेजाइनल फिस्टुला की थर्ड स्टेज की रोगियों की सर्जरी की।

इस लाइव सेशन में दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर के सौ से अधिक चिकित्सकों ने लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन के बारे में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह सभी ऑपरेशन एम्स की ओटी में किए गए और सभी रोगी अब पूर्णत: स्वस्थ हैं।

डॉ. पुणताम्बेकर ने एम्स में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां गर्भाशय कैंसर की जटिलतम सर्जरी संभव है। विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता अग्रवाल ने बताया कि विभाग प्रदेश के चिकित्सकों को गंभीर सर्जरी संबंधी निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ही एम्स की एनोटॉमी लैब में लाइव कैडावेरिक डेमोस्ट्रेशन दिया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता (शैक्षिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल, डॉ. एन.के. अग्रवाल, डॉ. विनिता सिंह, डॉ. चंद्रशेखर श्रीवास्तव, डॉ. पुष्पावती, डॉ. सरिता राजभर, डॉ. नीलज बागड़े सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और छात्र उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# डीपनेक मोनोकिनी लुक में कहर बरपाती दिखीं याशिका आनंद

तमिल एक्ट्रेस और मॉडल याशिका आनंद कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनकी एक्टिंग भले ही लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आई हो लेकिन एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आनंद ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख यूजर्स उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साउथ इंडस्ट्री में अपनी हॉटनेस का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस याशिका आनंद इन दिनों अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आनंद ने बेहद ही सेक्सी आउटफिट पहना हुआ है। फैंस भी उनका ये लुक देखकर इंप्रेस हो गए हैं। याशिका आनंद ने अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में रेड कलर की मोनोकिनी लुक में ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो अपना डीपनेक फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस याशिका आनंद ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। बता दें कि याशिका आनंद ने एडल्ट कॉमेडी फिल्मों में भी बोल्ड सीन्स देकर दर्शकों का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी अच्छी-खासी है।



# इन बेहतरीन फायदों को जानकर आप भी करने लगेंगे पाइनएप्पल का सेवन!



शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए फलों का सेवन बहुत जरूरी होता हैं जिनमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसा ही एक फल हैं पाइनएप्पल अर्थात अनानास जो एक स्वादिष्ट और स्वस्थ फल है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, कैल्शियम, फाइबर विटामिन सी, विटामिन बी6, विटामिन के, विटामिन बी1, कॉपर, फोलेट, पोटैशियम, मैगनीशियम, आयरन और मैंगनीज जैसे कई न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं। दैनिक तौर पर इसका सेवन करना आपके लिए चमत्कारी साबित हो सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह पाइनएप्पल का सेवन सेहत को फायदा पहुंचाने का काम करेगा। आइये जानते हैं इसके बारे में...

## मजबूत पाचन तंत्र

रोजाना अगर आप सुबह सुबह ब्रेकफास्ट में अनानास यानी पाइनएप्पल का जूस पीते हैं तो इससे आपका पाचन तंत्र काफी मजबूत होता है। यह आपका खाना पचाने में काफी ज़्यादा मदद करता है। जिन लोगों को खाना पचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है वो कई तरह की दवाइयां और घरेलु नुस्खे भी इस्तेमाल करते हैं। पाइनएप्पल का सेवन करने से सिर्फ पाचन ही नहीं बल्कि इसके साथ ही गैस, एसिडिटी, अपच और आपको कब्ज जैसी बीमारियों को दूर रखता है। साथ ही अनानास का जूस पीने से आपको भूख भी ज़्यादा लगती है।

## स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा

पाइनएप्पल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। पाइनएप्पल में विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और बीटा-कैरोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद हैं। पाइनएप्पल का जूस पीने से कील, मुंहासे और एंटी एजिंग की परेशानी दूर हो जाती है। पाइनएप्पल में मौजूद गुण स्किन को ग्लोइंग और मुलायम बनाते हैं। पाइनएप्पल का जूस पीने से स्किन टैनिंग की परेशानी भी दूर हो सकती है।

## कोलेस्ट्रॉल लेवल को करे कम

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आर्टरीज में फैट जमा होने लगता है, जो हार्ट अटैक, स्ट्रोक, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है। कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सिट्रस फ्रूट्स मदद कर सकते हैं, जिसमें अनानास एक बेहतर ऑप्शन को सकता है। अनानास में विटामिन सी और ए अधिक मात्रा में होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। ये फल विटामिन, फाइबर और प्रोटीन तत्वों से भरपूर होता है, जिसके सेवन से ब्लड में मौजूद कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है।

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

अनानास का जूस पीना हड्डियों के लिए फायदेमंद माना जाता है। हड्डियों की मजबूती के लिए अनानास का सेवन कर सकते हैं, क्योंकि इसमें मिनरल्स और विटामिन के गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों कों मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

## इम्यूनिटी बढ़ाए

पाइनएप्पल सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से शरीर को दूर रखता है। इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। पाइनएप्पल का जूस पीने से ऐसी बीमारियों का खतरा दूर हो जाता है। पाइनएप्पल में ब्रोमेलेन मौजूद होता है जो संक्रमण से लड़ने का काम करता है।

## वजन कम करे

पाइनएप्पल का जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है। पाइनएप्पल के जूस में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो वजन को कम करने में मदद करते हैं। ये जूस नाश्ते में शामिल कर वजन कम कर सकते हैं।

## ब्लड क्लॉट बनने से रोके

हाई ब्लड प्रेशर के कारण शरीर में ब्लड सर्कुलेशन काफी कम हो जाता है, जिस वजह से ब्लड में क्लॉट बनने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। अनानास एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इनफ्लेमेटरी तत्वों से भरपूर होता है, जो ब्लड में क्लॉट बनने से रोकता है। इसे ताजा काटकर या जूस के रूप में लिया जा सकता है।

## फाइबर से भरपूर

मुख्य रूप से, पाइनएप्पल फाइबर से भरपूर होता है। फाइबर आपकी बॉडी के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व होता है जो हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा, पाइनएप्पल में विटामिन सी, विटामिन ए, पोटैशियम, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसलिए, पाइनएप्पल खाने से हमारे शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ये आपकी बॉडी से कई तरह के टॉक्सिन्स निकाल देता है।

# चेहरे की खूबसूरती को प्रभावित करती हैं आइब्रो, इन घरेलू नुस्खों से बनाएं इन्हें काला और घना



आपका चेहरा डल लगेगा या ब्राइट यह आपकी आंखों पर निर्भर करता है। खूबसूरत आंखे सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं और आंखों की सुंदरता घनी काली आइब्रोज से कई गुणा बढ़ जाती है। सभी महिलाओं की आइब्रो की रंगत और डेंसिटी अलग-अलग होती है। आइब्रो अगर पतली हो तो इसका असर चेहरे की खूबसूरती पर पड़ता है। जिस तरह सिर पर काले घने बाल हमारी पर्सनैलिटी में निखार लाते हैं, उसी तरह घनी आइब्रो भी चेहरे और पर्सनैलिटी में निखार लाती हैं। इसलिए सभी महिलाएं अपने आइब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से आइब्रो को काला और घना बनाने में मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

## कैस्टर ऑयल

कैस्टर ऑयल में पाया जाने वाला फैटी एसिड और विटामिन हेयर ग्रो को प्रमोट करने वाले होते हैं। इसे आइब्रो को घना करने के लिए यूज किया जा सकता है। रात में सोने से पहले कुछ बूंद कैस्टर ऑयल को रूई की मदद से आइब्रोज पर लगाएं। इसे रात भर लगा रहने दें।

## नारियल का तेल

ब्यूटी केयर में हमारा पसंदीदा होता है नारियल तेल। स्किन से लेकर हेयर तक और फेस से लेकर पैरों तक इसका उपयोग किया जा सकता है। इससे रोज दो बार आईब्रो की मसाज करने से ये जल्द ही मोटी और काली हो जाती हैं।

## एलोवेरा

एलोवेरा में मौजूद एंजाइम आइब्रो के बालों को मॉइश्चराइज करते हैं और इसकी रंगत को गहरा और इसे घना बनाते हैं। ऐसे में एलोवेरा जेल में ऑलिव ऑयल को मिलाकर नियमित रूप से सोने से पहले इसे अपनी आइब्रो पर अप्लाई करें और सुबह सामान्य पानी से त्वचा को साफ कर लें।

## प्याज का रस

आइब्रो को काला और मोटा बनाने के लिए प्याज का रस लगाएं। प्याज का रस आइब्रो प लगाने से आइब्रो को काला और घना किया जा सकता है। इसके लिए 1 प्याज से रस निकाल लें। अब इसे आइब्रो पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में चेहरे को धो लें। इससे आइब्रो को मोटा किया जा सकता है।

## कच्चा दूध

काली और चमकदार आईब्रो पाने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में कच्चे दूध को कॉटन की मदद से आई ब्रो पर अप्लाई करें। दिन में एक बार इसे लगाने से आपकी आई ब्रो ब्लैक और शाइनी बन जाएंगी।

## अंडे की जर्दी

एग योक प्रोटीन और बायोटिन का रिच सोर्स है। ये दोनों बालों की ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आप ऐसा उपाय चाहती हैं जो रोज नहीं करना पड़े तो जर्दी वाला उपाय अपना सकती हैं। वीक में एक या दो बार अंडे की जर्दी को आइब्रोज पर लगाए और बीस मिनट लगा रहने दें।

## गुड़हल का फूल

गुड़हल के फूल का इस्तेमाल आपके आइब्रो को डार्क और डेन्स बनाए रखने में मदद करेगा। अपने आइब्रो पर इस फूल से बने पेस्ट को अप्लाई करें, फिर इसे 25 से 30 मिनट तक लगा हुआ छोड़ दें। उसके बाद हल्के गुनगुने पानी से आइब्रो को साफ कर लें। उचित परिणाम के लिए हर रोज नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें।



# हंसिका ने फीमेल सेंट्रिक फिल्म मैन की चेन्नई में शूटिंग पूरी की

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने निर्देशक ईगोर की तमिल फिल्म मैन की शूटिंग का आखिरी शिड्यूल चेन्नई में पूरा किया। यह एक थ्रिलर फिल्म है जो महिलाओं के प्रति हिंसा और उनकी मुश्किलों के बारे में है। फिल्म में हंसिका ने फैशन डिजाइर की भूमिका निभाई है - एक मजबूत, स्वावलंबी और सशक्त महिला। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर मोटवानी ने कहा, अब जब मैन की शूटिंग खत्म हो गई है, मैं कहूंगी कि यह यात्रा आसान नहीं थी। इस फिल्म में मेरे कैरेक्टर के कई लेयर हैं और इतनी मजबूत महिला का किरदार निभाकर काफी अनुभव मिला। मैं निर्मला के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वाकई यह फिल्म मेरे लिए काफी खास है। इस फिल्म की पूरी शूटिंग चेन्नई, पोलाची और मदुरई में हुई है। आरी अर्जुन भी हैं जो खलनायक की भूमिका में हैं। इनके अलावा जजनी दुर्गा और सौमिका भी फिल्म में दिखेंगी। इसका संगीत गिब्रान ने दिया है जबकि कैमरा वर्क मणि का है।

# सामंथा रुथ प्रभु की रोमांटिक कॉमेडी खुशी का सिंगल टीजर आउट

दक्षिण की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक, शाकुंतलम बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन सामंथा रुथ प्रभु फिर से अपने दर्शकों को अपना बनाने आ रही हैं। वह वरुण धवन के साथ सिटाडेल के हिन्दी वर्जन को शूट कर रही हैं। इसमें वे प्रियंका चोपड़ा की भूमिका को दोहराती नजर आएंगी। वहीं वे दूसरी ओर अपनी तमिल फिल्म खुशी की शूटिंग फिर से शुरू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वे विजय देवरकोंडा के साथ रोमांस करती दिखाई देंगी। 7 मई को फिल्म के पहले रोमांटिक सिंगल का एक टीजर जारी किया गया और यह किसी सपने से कम नहीं लग रहा है। यह फिल्म 1 सितंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। हालांकि इसमें अभी समय है लेकिन फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं ने फिल्म के पहले सिंगल का एक टीजर जारी किया है। छोटी सी झलक में ऐसा लग रहा था कि विजय पहाड़ी की चोटी से चिल्लाकर कह रहा है कि वह कितना प्यार करता है। जबकि सामंथा ने प्रार्थना करने के लिए बैठने के दौरान हिजाब और बुर्का पहन रखा था। विजय ने इसकी झलक शेयर करते हुए लिखा, खुशी पहला गाना। पूरा गाना 9 मई को रिलीज होगा। 23 मार्च को, विजय देवरकोंडा और सामंथा ने अपने संबंधित सोशल मीडिया पेजों पर खुशी नामक अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी की रिलीज की तारीख की घोषणा की।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### यात्रियों की सुविधाओं ब्लाकिंग कार्य संधारित होगा 10 तक

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल आर.व्ही. एच. के बीच दोहरीकरण एवं आर.व्ही. एच. एवं रायपुर स्टेशन यार्ड का आधुनिकरण का कार्य किया जा रहा है इस कार्य के पूर्ण होते ही रायपुर रेल मंडल के अधोसंरचना विकास के कार्य संपादित होंगे जिससे आगामी दिनों में यात्रियों को अनेकों यात्री सुविधाओं का फायदा मिलेगा। आर.व्ही. एच. के मध्य ब्लॉक का कार्य 10 मई तक संपादित किया जाएगा जिसके परिणाम स्वरूप निम्नलिखित यात्री सुविधाओं का लाभ यात्रियों को मिलेगा ? रायपुर स्टेशन पर बन रहे प्लेटफार्म नंबर 7 का कार्य संपूर्ण हो जाएगा, यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर 7 का फायदा मिलेगा जिससे गाड़ियों का प्लेटफार्म नंबर 7 पर भी आगमन-प्रस्थान कराया जा सकेगा । रायपुर स्टेशन पर प्रवेश के लिए वर्तमान में मुख्य प्रवेश द्वार एवं गुढ़ियारी साइड से प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है अभी गुढ़ियारी साइड से प्रवेश करने वालों को फुट ओवर ब्रिज एवं एक्सलेटर के माध्यम से रायपुर स्टेशन में आना-जाना पड़ता है प्लेटफार्म नंबर 7 का निर्माण हो जाने से गुढ़ियारी की ओर से आने-जाने वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफार्म नंबर 7 में प्रवेश एवं निकास कराया जा सकेगा गुढ़ियारी साइड से प्रवेश करने के लिए उन्हें फुट ओवर ब्रिज एवं एक्सलेटर को उपयोग करने की बाध्यता समाप्त हो जाएगी । रायपुर स्टेशन पर दुर्ग छोर की तरफ बन रहे नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण होगा और इसे उपयोग में लाया जा सकेगा जिससे यात्री नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से रायपुर स्टेशन में प्रवेश कर सकेंगे साथ ही सभी प्लेटफार्म पर भी आ जा सकेंगे । नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज के शुरू होने के साथ ही यात्रियों पहली बार स्टेशन में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में आवागमन के लिए रैम्प की सुविधा भी मिलने लगेगी । रायपुर से टिटलागढ़ के मध्य दोहरीकरण का कार्य संपूर्ण हो जाएगा यह एक अति महत्वपूर्ण कार्य होगा इस सेक्शन में दोहरीकरण होने से ट्रेनों के परिचालन में सहायता मिलेगी, जिससे गाड़ियों को चलाने की क्षमता बढ़ेगी जिसका प्रत्यक्ष रूप से फायदा यात्रियों को मिलेगा। ट्रेन परिचालन के लिए स्पेस मिलने से ट्रेनों के मूवमेंट में फायदा होगा जिससे ट्रेनों की समयबद्धता में वृद्धि होगी।

### शिक्षा से व्यक्तित्व का विकास होता है - डॉ.लक्ष्मी ध्रुव

**नगरी।** तहसील आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी की वर्किंग कमेटी का बैठक आयोजन कर्णेश्वर धाम स्थित बुढ़ादेव मंदिर परिसर देऊरपारा में सिहावा विधायक डां.लक्ष्मी ध्रुव उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण छ.ग.शासन की मुख्य आतिथ्य में शानदार संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक आय-व्यय की जानकारी वित्त सचिव माखन ध्रुव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मद्यपान निवेश एवं शिक्षा को बढ़ावा पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने सर्व सम्मति से विशेष ध्यान देने का संकल्प के साथ सामाजिक रीति नीति एवं संस्कारों को समाज के पारंपरिक तरीके से संपन्न करने का आह्वान किया गया। मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. ध्रुव के करकमलों से हुआ।अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा पर ध्यान देने की बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा से शारीरिक,मानसिक, शैक्षणिक और ,भौतिक विकास होता है इससे एक व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है।और इस तरह के विकास से किसी भी समाज की संरचना मजबूत होती है। उन्होंने युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की नसीहत भी दी। उन्होंने यह भी कहा समाज के लिए काम करना कठिन होता है। पदाधिकारियों के मन में निराशा नहीं लाना चाहिए बल्कि उत्साह भरना चाहिए फिर देखो समाज का विकास कैसे होता है। सभा को पीसीसी सदस्य लखन लाल ध्रुव ने भी संबोधित किया। मौके पर विचाराधीन जटिल सामाजिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया।स्वस्थ पंचायत का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए समाज की ओर से सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा शशि ध्रुव को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। स्वागत भाषण सह सचिव सुरेश ध्रुव,आभार प्रदर्शन अंकेक्षक टीकम गंगेश तथा कार्यक्रम का संचालन हुलास सूर्याकर ने किया। इस अवसर पर संरक्षक तुलाराम ओटी, धनसिंह नेताम,अध्यक्ष छेदप्रसाद कौशिल,कोषाध्यक्ष भावंत ध्रुव,महासचिव नरेश छेदैहा,कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव,तह.मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव,महेन्द्र कुमार नेताम,अरविंद नेताम,वेदन प्रसाद ध्रुव, हरीश नेताम मदन मंडावी,सीताराम नेताम,मधु सुर्याकर, परसादी राम चंद्रवंशी, केदारनाथ मंडावी,चिंता राम ध्रुव,सियाराम नेताम,चमरू राम ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव,अमर सिंह मरकाम,मंतूराम नेताम नारायण मरकाम,बुधियारीन बाई ध्रुव,अनीता ध्रुव,अनीता नेताम,स्कंद ध्रुव,नीलू छेदैहा,संत नेताम,महेंद्र सोरी,नारद ध्रुव,विष्णु भास्कर,नारायण मरकाम,पुनीत मरकाम,टीकम ध्रुव, रामप्रीत छेदैहा,पुरन नेताम,शीतल ध्रुव, अशोक ध्रुव,चंद्रभान मरकाम,बिसाहु मरई, कन्हैया सुर्याकर सहित सामाजिक जनों की उपस्थिति रही।

# धान का रकबा 10860 हेक्टेयर कम कर कोदो, कुटकी, रागी को दिया जा रहा बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कृषि विभाग ने खरीफ फसल के लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। इस बार भी धान के रकबे में 10860 हेक्टेयर कम करने का निर्णय लिया है। पिछले वर्ष किसानों ने 93991 हेक्टेयर में धान की फसल ली थी। इस बार इसे घटाकर 83130 हेक्टेयर कर दिया है। इसके बदले में कोदो, कुटकी, रागी, दलहन, तिलहन और सब्जी की फसल का रकबा बढ़ाने लक्ष्य तय किया है। खरीफ में कुल फसल का रकबा 1 लाख 31 हजार 710 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख 34 हजार 940 हेक्टेयर तय किया है।**



कृषि विभाग लक्ष्य के आधार पर ही खाद और बीज का भंडारण करने के साथ ही किसानों को धान के बदले दूसरी फसल लेने प्रेरित करता है। 2 साल से धान के बदले दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जिले में 70 प्रतिशत खेती मानसून पर ही निर्भर है। इसी वजह से अधिकांश किसान धान की फसल बोता पद्धति से अधिक करते हैं। इस बार ज्वार की फसल का रकबा जीरो कर दिया है।

मक्का, कोदो, कुटकी और रागी की फसल की फसल अनाज में शामिल है। इन फसलों की खरीदी भी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। दलहन में अरहर, मूंग, उड़द और कुलथी की फसल को शामिल किया है। तिलहन में मूंगफली, तिल, रामतिल की फसल शामिल है।

करतला ब्लॉक के किसान खरीफ के साथ ही रबी में भी मूंगफली की फसल लेते हैं। सब्जी की फसल पर भी अधिक ध्यान रखा है। 12534 से हेक्टेयर से बढ़ाकर 16500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। किसी विभाग ने मक्का का रकबा 5972 से 12000 हेक्टेयर, कोदो का 810 से 1110 हेक्टेयर, कुटकी का 100 से 200 हेक्टेयर और रागी का 271 से 600 हेक्टेयर रकबा किया है। इसी तरह दलहन का 10920 से 16231 हेक्टेयर और तिलहन का 3510 हेक्टेयर से 5200 एक तैयार किया गया है। सब्जी में भी 3966 एक तैयार बढ़ाते हुए 16500 हेक्टेयर किया गया है। मानसून बीच में ब्रेक हुआ तो पिछले साल धान की फसल का रकबा 41960 एकड़ घटाने के बाद 19822 एकड़ बढ़ गया था। यही नहींए दलहन और तिलहन की फसल भी 40 प्रतिशत तक घट गई थी। बीच में कम बारिश होने पर किसानों ने रोपा पद्धति से धान की फसल लगाई थी।

धान के बदले दूसरी फसलों पर किसान कम रुचि लेते हैं। इसका मुख्य कारण समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होना है। इस साल जिले में रिकॉर्ड 21 लाख 29 हजार क्विंटल की खरीदी की गई थी। धान बेचने 46 हजार 295 किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 39 हजार 85 किसानों ने धान बेचा। इस बार तो राज्य सरकार ने एकड़ में 15 से 20 क्विंटल खरीदी करने का निर्णय लिया है। कृषि विभाग के सहायक संचालक डी पी एस कंवर का कहना है कि लक्ष्य के आधार पर ही तैयारी करते हैं। किसानों को धान के स्थान पर दूसरी फसलों को लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बीज भी उपलब्ध कराया जाता है। रागी का बीज, विकास निगम 52 रुपए किलो में ले रहा है। निगम ने किसानों से संपर्क कर पैदा हुई फसल बतौर बीज निगम को दिए जाने के लिए कहा है। इसकी पैकेजिंग कर इसे निगम बाकी किसानों को उपलब्ध कराता है। सरकार ने इन लघु फसल के लिए 3400 रुपए क्विंटल की दर निर्धारित की है। जिले में इसे बढ़ाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि जिले में इसका भाव 4500 रुपए हो सकता है ताकि किसानों को लाभ मिले और इसका बड़े स्तर पर उत्पादन हो। अच्छी कीमत मिलने पर किसान पारंपरिक धान छोड़ इसका उत्पादन करेंगे। धरमजयगढ़ जोगड़ा के किसान शिव प्रसाद कंवर ने बताया कि आधा एकड़ में एक क्विंटल रागी की फसल निकली थी।

बीज निगम को देने से पहले ही उसकी डिमांड आई और गांव और शहर से लोग उससे खरीदकर ले गए। चार-पांच दिन में ही पूरा धान बिक गया। शिव कहते हैं कि अब वे तीन एकड़ पर रागी की फसल लेंगे।

## रायगढ़ के इतिहास को समेटे संग्रहालय की हो रही साज-सज्जा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। रायगढ़ के हृदयस्थल नटवर स्कूल मैदान में स्थित पंडित लोचन प्रसाद पांडेय स्मृति जिला पुरातत्व संग्रहालय रायगढ़ तथा क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को संजो कर रखे हुए है। यहां सहेजे गए पुरातात्विक अवशेष इस क्षेत्र की मानवीय और सांस्कृतिक इतिहास के पुख्ता दस्तावेज हैं। पुरातत्व संग्रहालय में सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अपनी पदस्थापना के बाद से शुरू कर दिया था।**

जिसके परिणाम अब सामने दिखने लगे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश में पुरातत्व संग्रहालय की रंगाई-पुताई की जा रही है। यहां गार्ड रुम, शौचालय, बाउंड्रीवाल को भी बनाया जा रहा है। जिससे यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं और अच्छा अनुभव मिल सके।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने बीते 28 फरवरी को संग्रहालय का निरीक्षण किया था। यहां उन्होंने सुविधाएं बढ़ाने और संग्रहालय के साज-सज्जा के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देश के बाद संग्रहालय में कार्य शुरू कर दिया गया है। यहां भवन की रंगाई-पुताई की जा रही है। भवन में शौचालय और गार्ड रूम का निर्माण किया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से यहां के बाउंड्रीवॉल का भी निर्माण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि पंडित लोचन प्रसाद स्मृति पुरातत्व संग्रहालय में जिले के विभिन्न स्थानों में आदिमानव द्वारा निर्मित शैलचित्र अंकित है। इन शैलचित्रों में मानव सभ्यता की उत्पत्ति से लेकर विकास गाथा तक की शैलचित्र उकेरे गए हैं। संग्रहालय भवन में रखे छठवीं से बारहवीं शताब्दी तक की विभिन्न मूर्तियां, वनस्पति जीवाश्म, प्रस्तर जीवाश्म, पाण्डुलिपियां भी रखे गए हैं।

## प्रीति सलूजा ने अवसाद उपचार पर में कराया योगाभ्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित 41वें सत्र के ऑनलाइन संघ योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती प्रीति सलूजा जी, योग अनुदेशिका, द योग इंस्टिट्यूट, रायपुर (छ.ग.) ने विषय अवसाद रोग का योग उपचार पर सारगर्भित ज्ञानपूर्ण सत्र लिया! इस सत्र पर संघ अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर जी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। रामेश्वर प्रसाद डौन्डे ने पूंजू माँ सरस्वती मन्त्रोंच्चार के साथ दीर्घ शंखनाद किया।

महासचिव खोमेश साहू जी (यूजीसी-एसआरएफ) ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत कर भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि तनाव, चिंता और अवसाद में विशेष अंतर है। अवसाद मानसिक रोग की उच्च स्थिति है जो मनुष्य को आत्महत्या की ओर ले जाती है। समाज में अवसाद ग्रसित व्यक्ति को पागल ही माना जाता है जिसे खर्चरहित योग से उपचार करना सम्भव हैँ। मोनिका सिन्हा जी ने अवसाद देश की बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है, के शब्दों के साथ सभी श्रोताओं का स्वागत कर कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही मुख्य वक्ता का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि मैम वन विभाग में आपने 25 दिनों तक योगाभ्यास कराया व मंजीत सर को अपना अपना गुरुदेव मानते हैँ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रीति जी ने कहा कि लोग उदासी को ही अवसाद समझ लेते है लेकिन उदासी और अवसाद अलग है, जिनके तीन मुख्य कारण होते हैँ। उदास होने का कारण हमे पता होता है कि हम क्यों उदास है अवसाद में व्यक्ति हर समस्याओं के लिए खुद को जिम्मेदार समझता है।

रासायनिक तत्व होते है,जिसके कारण हम खुश और दुखी होते है। हमारे शरीर के अंदर खुशी का कारण न्यूरोट्रांसमीटर होता है, ये जब हमारे ब्रेन में अच्छी मात्रा में बनते है हम खुश होते है इसके विपरित कम मात्रा में बन ने पर हम दुखी जो जाते है।इस कार्यक्रम में रायपुर से चीफमैनेजर तनुजा तिर्की, दीप्ति चौरसिया, रश्मि मिश्रा, सुष्मिता महापात्रा, अजय साहू, लक्ष्मी निषाद, लखनऊ से सुनीता यादव, बिलासपुर से बिंदु सिंह, किरण यादव, दुर्ग से प्रियंका चंद्राकर, दीक्षा राज, सारंगढ़ से युगेश पटेल, रायगढ़ से मंजू गुप्ता इत्यादि अलग-अलग जिलों से जुड़कर श्रोताओं ने कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया।

संभागायुक्त डॉ अलंग ने किया शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण

## हितग्राहियों को दी जा रही अन्य सुविधाओं को देखा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जांजगीर चांपा।** बिलासपुर संभाग के संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आज कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न शाखाओं, एसडीएम कार्यालय अकलतरा, तहसील कार्यालय अकलतरा सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी उपस्थित रही। संभागायुक्त ने उपस्थिति पंजी, लेखा रजिस्टर, हितग्राहियों को दी जा रही अन्य सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने कलेक्टर न्यायालय, जिला नाजिर शाखा में उन्होंने कैश बुक का अवलोकन किया तथा सभी पंजी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिटफंड की राशि तथा वेतन पंजी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर स्थापना, भंडार, लेखा आदि शाखाओं के संधारण और विभागीय कामकाज की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली।

कमिश्नर डॉ अलंग ने जिला अंतर्गत अकलतरा के एसडीएम, तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में अलग-अलग शाखाओं के निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी पंजी में सत्यापन अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रकरणों में क्रमांक, पंजी में रेफरेंस नम्बर दर्ज करने, बंध पत्र निष्पादित करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने भू-अर्जन के प्रकरणों, भुगतान की स्थिति की जाँच करते हुए एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने रीडर शाखा, कानूनगो शाखा, नायब नाजिर शाखा सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा चालू प्रकरणों, नामांतरण, सीमांकन, भू-अर्जन, दाण्डिक प्रक्रिया, डिस्पोजल प्रकरणों, पटवारियों की सेवा पुस्तिका आदि की जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय में प्रकरणों की जाँच की। रीडर सहित अन्य शाखाओं के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई पंजियों की जाँच कर तहसीलदारों और एसडीएम को रीडर की समीक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने न्यायालय अपर कलेक्टर, वित्त शाखा, जिला नाजिर शाखा, राजस्व लेखापाल, राजस्व मोहर्रिर शाखा, राजस्व अभिलेख कोष्ठ, शिकायत शाखा, मुख्यमंत्री जनचौपाल शाखा, लायसेंस एवं सांख्यिकीय लिपिक शाखा, लोक सेवा गांरटी शाखा, भू-अर्जन शाखा, भू-अभिलेख शाखा, सहायक आयुक्त आबकारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभी शाखाओं में जाकर आवेदनों एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कर सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का स्थापना दिवस एवं मजदूर दिवस मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक दल्ली राजहरा कार्यालय में असंगठित क्षेत्र मजदूर कांग्रेस इंटक, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिला बालोद मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक दल्ली राजहरा द्वारा मनाया गया एवं संगठन को मजबूत कर मजदूर हितों में कार्य करने का संकल्प लिया गया ।**




कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी सहित महापुरुषों के तेल चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम के स्वागत भाषण में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक सचिव तेजेंद्र प्रसाद ने इंटक के स्थापना दिवस एवं मजदूर दिवस के ऐतिहासिक महत्व का वर्णन करते हुए कहा इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस ( इंटक ) भारत में एक राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन है। इसकी स्थापना 3 मई 1947 को हुई थी और यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघ परिसंघ से संबद्ध है । श्रम मंत्रालय के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, 2013 मे इंटक की सदस्यता 33.95 मिलियन थी, जिससे यह भारत में सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन बन गया। अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस 1 मई दिन मनाने की शुरुआत 1 मई 1886 से मानी जाती है जब अमेरिका की मज़दूर यूनियनों नें काम का समय 8 घंटे से अधिक न रखे जाने के लिए हड़ताल की थी। मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन इंटक अध्यक्ष तिलकराम मानकर ने कहा इंटक ने मजदूर हितों में श्रम कानून बनवा कर मजदूरों को मजबूत करने का कार्य किया है उनके शिक्षा स्वास्थ्य व जीवन स्तर उठाने के लिए हम सब मिलकर कार्य करते रहेंगे । उपाध्यक्ष लखन बख्शी ने कहा इंटक ने जो हमें पहचान दी है उस को बरकरार रखकर हमें संगठन को मजबूत बनाकर सभी वर्गों को सम्मान करते हुए मजदूरों का हक दिलाना होगा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक बालोद जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार दिल्लीवार ने कहा हम सब इंटक यूनियन के सदस्य हैं जिसमें मजदूरों की संख्या सबसे अधिक है एवं मजदूरों के हक दिलाने में सदैव अग्रणी रही है । निजीकरण के इस दौर में जब श्रम कानून उद्योगपतियों के अनुसार बनाया जा रहा है इन परिस्थितियों में भी इंटक आप सब के सहयोग से अग्रिम पंक्ति पर मजदूर हितों के साथ खड़ी रहेगी साथ ही नमन करता हूं निष्पक्ष और स्वतंत्र पत्रकारिता के साथ लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने वाले, निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का वहन कर समाज की आवाज़ को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने वाले मीडिया जगत के सभी पत्रकार भाई-बहनों को इंटक परिवार की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़ (ए)।** नाबालिग को भगाकर उसके साथ रेप करने व उसकी फोटो को वायरल करने के जुर्म में मनेंद्रगढ़ पुलिस ने सायबर सेल की मदद से आरोपी रांची (झारखंड) से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रांची निवासी आरोपी 21 वर्षीय अरशद अंसारी मनेंद्रगढ़ में 3 साल तक रहकर सैलून में काम करता रहा। इस बीच नाबालिग को वह जबर्दश्ती अपने साथ भगाकर ले गया और उसके साथ रेप कर उसकी फोटो को पीड़िता के भाई के पास भेजने के साथ उसे वायरल भी किया गया। आरोपी 3 माह तक पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस द्वारा सायबर टीम की मदद से रांची जाकर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को मनेंद्रगढ़ लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ पास्को एक्ट व पीड़िता की फोटो वायरल करने के जुर्म में आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 11 किलो गांजा बरामद

**रायपुर (ए)।** नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजधानी की खमतराई थाना पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 11 किलो गांजा बरामद हुआ है। बरामद गांजा की कीमत 1 लाख रुपए के आस पास है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर आया था, और कहीं जाने की फिराक में बस स्टॉप पर खड़ा था। आरोपी के खिलाफ धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल 7 मई को खमतराई थाना में सूचना प्राप्त हुई कि भनपुरी तिराहा बस स्टॉप में एक व्यक्ति अधिक मात्रा में गांजा रखा है, जो कही जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम देवीलाल भोई निवासी ओडिशा बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमे गांजा बरामद हुआ। आरोपी देवीलाल भोई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 किलो 700 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1,17,000/- रूपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 401/23 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### मस्जिद के सामने से चुराई स्कूटर आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (वीएनएस)। रायपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 18 अप्रैल को सदानी चौक स्थित बोहरा मस्जिद के सामने से स्कूटर चुरा ली थी। शिकायत के बाद पतासाजी करते हुए पुलिस ने आरोपी कपिल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से स्कूटर बरामद कर ली गई है। दरअसल बैजनाथ पारा निवासी मुर्तजा हुसैन ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 अप्रैल को वह अपनी प्लेजर क्र. सी जी 04 के जेड 0752 में नमाज पढ़ने सदानी चौक स्थित बोहरा मस्जिद गया था। अपनी स्कूटर को महाराणा प्रताप स्कूल की गली में खड़ी कर नमाज पढने बोहरा मस्जिद के अंदर गया। जब बाहर आया तो उसकी स्कूटर गायब थी। अज्ञात आरोपी की विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 199/23 धारा 379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# अंधेकत्ल का राज खुलाः लड़की के नाम पर चैटिंग कर युवक को फंसाया, मिलने पर कर दी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में ठगी व हत्या का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक युवक लड़की के नाम से चैटिंग कर दूसरे युवक को फंसाया। झांसे में लेने के बाद पहले डेढ़ लाख रुपए ठगे। दूसरी बार रुपए मांगने पर युवक ने मिलने की इच्छा जताई। आखिरकार जब युवक उससे मिलने पहुंचा तो उसकी हत्या कर दी। इस मामले में मोबाइल चैटिंग के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



यह पूरा मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेढ़ा के विद्युत सब स्टेशन के पास झाड़ियों में पांच मई को एक युवक का शव मिला था। शरीर पर धारदार हथियार से वार किए गए थे। शव की पहचान लालबहादुर नगर निवासी कोमेश साहू (26) के रूप में हुई। कोमेश तीन मई कवर्धा जाने की बात कहकर निकला था। रात तक नहीं लौटने पर दूसरे दिन 4 मई तक परिजनों ने परिजनों ने चिचोला थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके दूसरे दिन युवक की लाश मिली।

### मानसी के नाम से युवक को फंसाया

पुलिस पूछताछ में आरोपी देवेंद्र ने बताया कि करीब आठ महीने पहले उसकी कोमेश से सोशल मीडिया जरिए पहचान हुई। आरोपी ने मानसी नाम से फर्जी आईडी बना रखी थी। मानसी बनकर कोमेश को फंसाया। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने कोमेंद्र से पहले डेढ़ लाख रुपए ले लिए। इसके कुछ दिन बाद फिर एक लाख रुपए मांगे। इस पर कोमेश ने मिलकर रुपए देने की बात कही। इसके बाद वह पैसे लेकर मेढा गांव पहुंचा। वहा देवेन्द्र पहुंचा और मानसी के नाम पर रुपए मांगने लगा। कोमेश ने रुपए मानसी को ही देने की बात कही। इसके बाद कोमेश ने मानसी को मैसेज किया तो देवेन्द्र उसका जवाब दे रहा था। यहां देवेन्द्र की चोरी पकड़ी गई। कोमेश ने जब रुपए मांगे तो देवेन्द्र ने चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या की और एक लाख रुपए लेकर भाग गया।

### मोबाइल ने पहुंचाया आरोपी तक

युवक का शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच की तो मृतक कोमेश का मोबाइल नहीं मिला। पुलिस ने कोमेश के मोबाइन को ट्रेस करना शुरू किया। मोबाइल का लोकेशन मेढा गांव का मिला। पुलिस पहुंची तो मोबाइल मृतक कोमेश साहू के दोस्त देवेंद्र सिन्हा के पास मिला। पुलिस ने देवेन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। देवेंद्र ने ही कोमेश की हत्या की बात मान ली। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू और एक लाख रुपए कैश बरामद किया और आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## घर पर हुआ विवाद तो युवक ने फूंक दी अपनी स्कॉर्पियो, चंद मिनटों में जलकर हुआ खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक युवक द्वारा अपनी की स्कॉर्पियों को जला देने का मामला सामने आया है। अपने ही घर पर हुए विवाद के बाद युवक इतना गुस्सा हुआ कि उसने बाहर खड़ी अपनी स्कॉर्पियों को आग लगा दी। इससे पहले की कोई आग को बुझा पाता स्कॉर्पियों जलकर खाक हो गया। मामला जिले के बचेली का है।

मिली जानकारी के अनुसार बचेली के एक कॉलोनी में रविवार रात को यहां रहने वाले टंडन परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घर विवाद काफी बढ़ गया और इस बीच घर से एक युवक बाहर निकला और अपनी स्कॉर्पियो को आग लगा दी। देखते ही देखते स्कॉर्पियो की आग



भड़क गई और आसपास के घरों तक पहुंच गई। देर रात सूचना पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक स्कॉर्पियो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वहीं दमकल कर्मियों ने आग को आसपास के घरों को नुकसान होने से बचा लिया। घटना के बाद पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### घर में आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले दो गिरफ्तार

## किराये के मकान पर बनाकर रखा था सेटअप, मैच पर लग रहे थे दांव

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग पुलिस ने आईपीएल सट्टा खाईवालों पर बड़ी कार्रवाई की है। पकड़े गए दो आरोपी मोहन नगर थाना क्षेत्र में किराये का मकान लेकर वहां सट्टा खाईवाली का पूरा सेटअप तैयार करके रखा था। इसके बाद वहां फोन बड़े-बड़े सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल, 8 सिम कार्ड और एक सैमसंग टीवी जब्त किया है।

दुर्ग सीएसपी वैभव बैंकर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मोहन नगर थाना क्षेत्र में आईपीएल सट्टा लगवाया जा रहा है। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने के लिए दुर्ग सिविल टीम और थाना मोहन की एक संयुक्त टीम गठित की। 6 मई को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मोहन नगर क्षेत्रांतर्गत उरला क्षेत्र के लोधी पारा में कुछ लोग घर पर बैठकर आईपीएल मैच का दांव लगा रहे हैं। इसके बाद सीएसपी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। रात में टीम को वहां भेजकर घेराबंदी किया उसके बाद औचक छापेमारी की। वहां उन्होंने विश्वनाथ सिंह उर्फ विक्की (29 वर्ष) निवासी उरला दुर्ग और कृष्णा राजपूत उर्फ करण (19 वर्ष) निवासी सिकोला भाठा दुर्ग को सट्टा खिलवाते रंगे हाथ पकड़ा। वे दिल्ली कैपिटल और रॉयल चैलेंजर बैंगलोर टीम के बीच चल रहे आईपीएल मैच पर दांव लगवा रहे थे।



### ग्रेड सेवन और वजीर बुक ऐप से लग रहे थे दांव

आरोपियों ने बताया कि वो लोग ग्रेड सेवन और वजीर बुक ऐप के माध्यम से आईपीएल मैच में दांव लगवा रहे थे। आरोपियों ने बताया कि वो लोग खेलने वालों से ऑनलाइन फोन पे और पेटीएम के जरिए एडवांस में पैसा लेते थे। इसके बाद मैच में सट्टे का दांव लगवाते थे। आरोपियों ने अपने चार बैंक खातों में सट्टे की रकम 3 लाख 64 हजार 522 रुपए को डालना बताया। दुर्ग पुलिस ने उक्त बैंक खातों में जमा रकम को फ्रीज करा दिया है।

### टीआई ने दो युवकों को पीट-पीटकर किया लहूलुहान

## सड़क से बाइक हटाने में देरी की तो लात-घूंसों से पीटा, एक की हालत गंभीर

**बलरामपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में खाकी की दबंगई का मामला सामने आया है। वाड्रफनगर पुलिस चौकी प्रभारी विनोद पासवान ने श्याम चौक पर दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो दोनों युवकों की गलती महज यह थी कि वह सड़क में दवाई लेने के दौरान कुछ देर बाइक लेकर सड़क पर खड़े थे। इसी बीच विनोद पासवान ने दोनों युवकों को सड़क से हटने के लिए कहा लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं होने के कारण युवकों को कुछ देरी हो गई।



इस बात से नाराज चौकी प्रभारी ने सरे राह दोनों युवकों को जमकर पीट दिया। इस दौरान वहां काफी भीड़ लग गई। पूरे घटनाक्रम में एक युवक को काफी चोटें भी लगी है। उसके नाक काफी खून बहने लगा। लोगों के मुताबिक दोनों युवकों को चौकी प्रभारी ने बस स्टैंड में घुमा-घुमा कर जमकर पीटा है। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जो अब वायरल हो रहा है।

## झाड़ फूंक के नाम पर छात्रा से छेड़छाड़, बैगा गिरफ्तार



**कांकेर (ए)।** कांकेर महाविद्यालय की एक छात्रा से झाड़ फूंक के नाम पर हजारों रुपए लूटने और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। बैगा को नरहरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पाड़िता ने 20 अप्रेल को कांकेर एसपी से शिकायत कर अपनी आप बीती बताई थी। युवती ने आरोप लगाया था कि पूजा पाठ में विश्वास के चलते नरहरपुर के सुनील बैगा से उसकी पहचान हुई। फिर उसने झाड़ फूंक के नाम पर हाजरों रुपए ठग लिए। झाड़फूंक के बाद आखिर में वह पीड़िता से हम बिस्तर होने का दबाव बनाता था। कांकेर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देश पर आरोपी बैगा सुनील कुमार नाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नरहरपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, युवती ने बताया था कि एक साल पहले सड़क दुर्घटना में वह घायल हो गई थी। उसका इलाज अस्पताल में चलने के बाद वह ठीक हो गई। लेकिन उसके हाथ में एक जख्म का निशान बन गया था। जो कई उपचार कराने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था। उसकी आस्था इलाज के अलावा देवी देवताओं के पूजा पाठ, झाड़ फूंक के प्रति भी थी। नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम श्रीगुहान में एक बैगा को पीड़िता के बारे में पता चला। पीड़िता अपनी बहन और नरहरपुर में रहने वाली उसकी सहेली के साथ श्रीगुहान निवासी बैगा सुनील नेताम के घर पहुंची। जहां पर झांड़ फूंक करने के बाद बैगा ने उसे दोबारा बुलाया। पूजा पाठ, झाड़ फूंक का सिलसिला चलता रहा।

### कांकेर पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

पीड़ित ने इसकी शिकायत नरहरपुर थाने में की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं होने के चलते कांकेर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। नरहरपुर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच की। कांकेर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देश पर रविवार को आरोपी बैगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### ट्रेक्टर शोरूम से ट्रेक्टर लेकर निकले युवक को टीआई ने जड़ा थप्पड़

**धमधा।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस द्वारा दबंगई करने का मामला सामने आया है। बता दे धमधा थाना इलाके के दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग पर स्थित नमो ट्रैक्टर शो रूम से नाबालिग कर्मचारी ट्रैक्टर बाहर निकाल रहा था। इस दौरान धमधा थाना प्रभारी सोमेश बघेल की नजर पड़ी और नाबालिग ट्रैक्टर चालक को अश्लील गाली गलौज करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद सोशल मीडिया में इसका वीडियो वायरल हो गया। किसान संघ एवं ट्रैक्टर मालिक द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दर्ज कर थानेदार के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर नाबालिक बच्चे के साथ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। वहीं इस मामले में थाना प्रभारी किसी प्रकार की मारपीट नहीं करने की बात कही है।

### हमर लैब में प्रेगनेंसी, कैंसर सहित 24 जांचें अटकी, सीएचएमओ ने की जांच

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में हमर लैब संचालन के एक साल बाद भी हार्मोन से संबंधित जांचें नहीं हो रही हैं। कारण यह कि स्वास्थ्य विभाग इन जांचों के लिए करीब 20 लाख रुपए की मशीन तो भेज दी, लेकिन जांच के लिए उपयोगी केमिकल (रिजेंट) नहीं भेजा है। ऐसे में अलग-अलग केमिकल के उपयोग से करीब 24 प्रकार की जांच करने वाली यह मशीन शो-पीस बन गई है। हार्मोन से संबंधित जांच जैसे थायराइड, प्रेगनेंसी, फर्टिलिटी, कैंसर आदि के लिए जिला अस्पताल के मरीजों को निजी जांच सेंटरों में जाना पड़ रहा है। इसका खुलासा शनिवार को सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम के औचक निरीक्षण के दौरान हुआ है। सिविल सर्जन डॉ. वाईके शर्मा रिजेंट के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखा है। कहा है कि मशीन शुरू होने पर वे हमर लैब में सभी 114 प्रकार की जांच कर पाएंगे। हार्मोन से संबंधित 24 जांच नहीं होने से 114 में 90 प्रकार की जांचें कर पा रहे हैं। बता दें जिला अस्पताल दुर्ग में 4 अप्रैल 2022 को हमर लैब खुली थी। उस वक्त शीघ्र ही सभी 114 प्रकार की जांच का दावा किया गया था, लेकिन 8 महीने से ज्यादा समय तक 70 प्रकार की जांच ही होती रही। अभी भी 114 में से 90 जांच ही कर पा रहे हैं। इससे पहले रायपुर में हमर लैब का शुभारंभ हुआ था। वहां सभी 114 प्रकार की जांच होना बताया जा रहा है।

### स्कूल में समर कैंप की आड़ में मतांतरणः बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**दुर्ग।** विश्वदीप स्कूल में आयोजित समर कैंप के समर कैंप की आड़ में मतांतरण का आरोप लगाते हुए बजरंग दल और भाजपा नेताओं ने स्कूल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया और जमकर हंगामा किया। बजरंग दल और भाजपा के नेताओं ने स्कूल प्रबंधन पर मतांतरण करवाने का आरोप लगाया। इसकी जानकारी लगते ही दुर्ग सीएसपी वैभव बैंकर पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहीं नायब तहसीलदार ढालेंद्र बिसेन, प्रेरणा सिंह और जिला शिक्षा विभाग से बीईओ गोविंद साहू सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जांच की तो कुछ भी नहीं मिला। समर कैंप में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और पास के चर्च में आने वाले परिवार के बच्चों को बुलाया गया था। हालांकि स्कूल प्रबंधन ने इस कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली थी और न ही सूचना दी थी।

### सेक्टर 8 का सबसे सुंदर और मनमोहक होगा मन्नम गार्डन

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शुरू होगा सौंदर्यीकरण का काम

### रात में रंगबिरंगी लाइटों और खूसबूदार फूलों से महकेगा उद्यान, तिरंगा रोप लाइट और फाउंटेन भी होगा लोगों के आकर्षण का केंद्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर 8 के मन्नम उद्यान की तस्वीर जल्द ही बदलने वाली है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से इस उद्यान का पूरा सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस उद्यान को पूरे सेक्टर 8 का सबसे सुंदर और आकर्षक गार्डन बनाया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। गत दिनों विधायक देवेंद्र यादव, मेयर नीरज पाल ने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से इसका लोकार्पण करवाया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सोमवार से अब इस उद्यान के सौंदर्यीकरण का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

करीब 23 लाख की लागत से पूरे उद्यान को डेवलप किया जाएगा और पूरी तरह से इसे एक नया स्वरूप दिया जाएगा। इसके लिए सबसे पहले उद्यानों की साफ सफाई की जाएगी। ग्राउंड लेवलिंग की जाएगी। ग्रास लगाए जाएंगे। इसके बाद चारों ओर की दीवारों का रंग-रोगन किया जाएगा। रात में लोग यहां परिवार के साथ टहलने और समय बीताने आ सकें। इसके लिए



यहां हाई मास्क लाइट लगाई जाएंगी। जिससे रात में भी पर्याप्त प्रकाश रहेगा। इसके अलावा उद्यान में लगे पूराने बिजली के पोल को भी साफकर पेटिंग की जाएंगी और फिर इसमें तिरंगा रोप लाइट लगाई जाएगी। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र होगा, जो रात में जब जलेंगे तो बहुत ही मनमोहक दिखेगा।

#### रंग-बिरंगी लाइटों के साथ चलेगा फाउंटेन

उद्यान में बच्चों के खेलने के लिए ग्रास लगाए जाएंगे। साथ ही यहां फाउंटेन भी लगाया जाएगा। रात में जब रंग-बिरंगी लाइटों के साथ फाउंटेन चलेगी तो यह लोगों को काफी आकर्षित करेंगी। इसके अलावा रोड का निर्माण किया जाएगा। मेन गेट में आकर्षक स्वागत द्वार बनाया जाएगा।

#### जनता की सेवा ही हमारा धर्म

जनता की सेवा ही हमारा प्रमुख धर्म है। हम लगातार भिलाई की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। जनता की मांग पर शहर में हर वार्ड में गली मोहल्ले में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनता की मांग पर सेक्टर 8 उद्यान का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जल्द ही इसका काम शुरू कर दिया जाएगा।
देवेंद्र यादव, विधायक भिलाई

## चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई इकाई के 2 वर्ष के पूर्ण होने पर व्यापारियों मे बाटी खुशियों के लड्डू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई ने लिंक रोड में व्यापारियों के साथ अपने कार्यकाल के 2 वर्ष के पूर्ण होने पर खुशियां मनाई भिलाई चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन एवं भिलाई चेंबर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र के नेतृत्व में चेंबर इन दिनों व्यापारियों के साथ खुशियों के लड्डू हर बाजार में प्रत्येक व्यापारियों के साथ मना रहा है इसके साथ चेंबर व्यापारियों के स्वास्थ्य को लेकर प्रसिद्ध स्वास्थ्य कोचर असीम सहगल के द्वारा सभी व्यापारियों को अपने स्वास्थ्य को लेकर इस प्रकार की जागरूकता होनी चाहिए उन्हें किस प्रकार से खानपान करना चाहिए उन्हें व्यापार के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति कैसी जागरूकता रहनी चाहिए इस विषय पर सारी जानकारियां दे रहा है।

व्यापारियों को जीएसटी संबंधी एवं फूड संबंधी तकनीकी जानकारियों को देने के लिए चेंबर के पदाधिकारी संतोष द्वारा अभूतपूर्व जानकारी दी जा रही है इसमें कैसे हम अपनी दुकानों के फ्लेक्स पर जीएसटी नंबर और किस प्रकार से फूड संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए इस संबंध में संपूर्ण जानकारी बताई जा रही है चेंबर के प्रदेश महामंत्री ने कहा यह सभी व्यवस्थाएं हम व्यापारियों को मजबूत करने के लिए कर रहे हैं ताकि हमारा व्यापारी किसी भी तरीके से असहाय ना हो हम व्यापारियों के लिए 2 वर्षों से भिलाई चेंबर लगातार उनकी हर परिस्थिति में साथ देते आ रहा है भिलाई चेंबर ने करोना काल में भी व्यापारियों की हर प्रकार से हर संभव मदद किया मदद करते आ रहा है।

भिलाई चेंबर लिंक रोड के व्यापारियों के साथ हमेशा मजबूती के साथ खड़ा रहा उनकी हर संभव मदद करने में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करते भसीन ने कहा कि हम 18 नंबर रोड एप्रोच रोड न्यू बसंत टॉकीज जलेबी चौक के व्यापारियों का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं कि वे सदा भिलाई चेंबर को मजबूत करने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा इसके लिए लिंक रोड के व्यापारी साधुवाद के पात्र हैं।

## कबाड़ फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों के नुकसान का दावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कबाड़ की फैक्ट्री में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। आग से कबाड़ फैक्टरी में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के बाद फैक्ट्री संचालक ने लाखों के नुकसान का दावा किया है। वहीं जेवरा सिरसा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सोमवार तड़के 4 बजे के करीब एनके इंडस्ट्रीज में आग लगने की सूचना मिली थी। फैक्ट्री में प्लास्टिक के कबाड़ रिसाइकिल करने का काम किया जाता है। इसलिए वहां आग तेजी से फैल गई और बड़ा रूप ले लिया।



पुलिस ने तुरंत अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग दुर्ग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वहां दमकल की तीन गाड़ियां पहुंची। दमकल कर्मियों ने लगभग चार से साढ़े चार घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद सुबह 9 बजे के करीब आग पर काबू पाया। आग बुझाने में लगभग 10-15 गाड़ी पानी और फोम का इस्तेमाल किया गया। समय पर आग बुझ जाने से आग दूसरी फैक्ट्री तक नहीं पहुंच सकी।

## वोरा ने की गृहमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात, दुर्ग शहर में विकास कार्यों के लिए धनराशि की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग विधायक अरुण वोरा ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निज निवास में उनसे व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया से मुलाकात की। वोरा ने मुलाकात कर दुर्ग शहर में विकास कार्यों के लिए धनराशि की मांग की, जिस पर दोनो ही मंत्रियों ने आश्वस्त किया कि दुर्ग शहर के विकास के लिए कभी भी धनराशि की कमी नहीं होगी।



उल्लेखित है कि दुर्ग शहर में लगातार विकास कार्य चल रहे है, शहर का सौंदर्यकरण किया जा रहा है, आवागमन में आसानी हो उनके लिए पूरे शहर के सड़को का चौड़ीकरण करा जा रहा है, पर्यटन के क्षेत्र में ठगड़ा बांध पर पिकनिक स्पॉट बनाया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम पड़ाव पर है, शिवनाथ नदी के तट पर अब शिवनाथ रिवर फ्रंट एवं लक्ष्मण झूला का निर्माण किया जा रहा है। हर चौक चौराहे पर हाईमास्ट लाइट लगाया गया है। विधायक वोरा की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट का शुभारंभ किया है।

मुलाकात के बाद वोरा ने कहा कि बीते चार साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने न सिर्फ दुर्ग बल्कि समूचे प्रदेश में विकास की नई इबारत गढने् का काम सफलतापूर्वक किया है।

## नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट यूजी की परीक्षा में शामिल हुए 7961 परीक्षार्थी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट यूजी (नीट यूजी) की रविवार को परीक्षा हुई। इसमें शामिल होने के लिए जिले से 8080 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 7961 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 119 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए शहर में 12 केंद्र बनाए गए थे।

बीआईटी को सबसे अधिक 720 परीक्षार्थियों के लिए केंद्र बनाया गया था। इस बार पर्चे में



आर्गेनिक केमेस्ट्री ने उलझाए रखा। इसमें टिपिकल सवाल और न्यूमेरिकल सवाल से छात्र परेशान हुए। पिछली बार जहां जीवविज्ञान के सवालों ने दिक्कतें बढ़ाई थी। उसकी तुलना में इस बार सरल रहा। अधिकांश सवाल थ्योरिटिकल रहे। फिर भी सवाल काफी आसान रहे। इसकी वजह से विषय विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार जनरल में कट ऑफमार्क्स 530 से 520 तक जा सकता है। इसकी वजह से छात्र-छात्राओं के बीच एक-एक सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की पूरी-पूरी संभावनाएं हैं।

परीक्षा में छात्र-छात्राओं से रसायन, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान और जंतु विज्ञान चारों विषयों को मिलाकर 200 सवाल पूछे गए थे। प्रत्येक में 50-50 सवाल थे। इनमें से परीक्षार्थियों को 45-45 सवालों के जवाब देने थे। प्रत्येक खंड को दो भागों ए और बी में बांटा गया था।

ए भाग में 35 सवालों के और बी भाग में 10 सवालों के जवाब देने थे। इस तरह चारों विषयों को मिलाकर कुल 180 सवालों के जवाब देने थे। इस तरह 720 अंकों के सवाल बनाना अनिवार्य था। मूल्यांकन के दौरान एक गलत जवाब पर एक अंक काटे जाएंगे।

## गीला कचरा, सुखा कचरा अलग-अलग नहीं देने पर 18 लोगों पर लगा जुर्माना

**भिलाई।** सोर्स सेग्रीगेशन के तहत के तहत सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग-अलग देने की अपील लोगों से बारंबार की जा रही थी, इसके लिए वार्ड एवं मार्केट क्षेत्रों में मुनादी भी की गई है। परंतु कचरा पृथक-पृथक नहीं देने और नहीं मानने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई निगम ने की है। ऐसे 18 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 900 जुर्माना लिया गया है तथा कचरा अलग-अलग देने समझाइश दी गई। इधर भिलाई में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है, निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर में प्लास्टिक एवं झिल्ली पन्नी के कचरों के रोकथाम के लिए बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे है। टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान कहीं भी प्लास्टिक या अन्य कचरा फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे जुर्माना लिया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी विक्रय एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर प्रतिबंधित सामग्री को जप्त किया जा रहा है।

### उत्कर्ष समर कैंप के चौथे दिन को कॉन्फिडेंस डे आत्मविश्वास दिवस के रूप में मनाया गया

# डेडीकेशन, डिसिप्लिन, डिवोशन से ही जीवन में सफल हो सकते हैं - एसपी पल्लव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउंडेशन (RERE&RF)RF द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित समर कैंप के चौथे दिन दुर्ग शहर के आईपीएस ऑफिसर एसपी अभिषेक पल्लव जी बच्चों के बीच मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिसे देख बच्चे बहुत खुश हुए और अपने मन की जिज्ञासाओं को उनसे सवालों के रूप में पूछते गए। आज उत्कर्ष समर कैंप के चौथे दिन को कॉन्फिडेंस डे आत्मविश्वास दिवस के रूप में मनाया गया।



एसपी पल्लव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल और टीवी 1 घंटे से ज्यादा ना देखें जिससे सिर दर्द की समस्या होती है। मोबाइल या सोशल मीडिया पर गुड मॉर्निंग जैसे मैसेज ना दे जितना हो सके लोगों से डायरेक्ट मिलकर गुड मॉर्निंग नमस्ते करें। आपने साइबर सिक्योरिटी के बारे में बताते हुए कहा कि आप सभी अपने पासवर्ड को स्ट्रांग रखेंगे तो प्रोफाइल हैकिंग से बचेंगे। जीवन में सफल होने के लिए धेर्यता बहुत जरूरी है, हमें जीवन में मिली असफलता ही मजबूत बनाती हैं, सोना चांदी भी तप के ही चमकते हैं। जिंदगी में आसानी से कुछ नहीं मिलता आपने ट्रिपल डी डेडीकेशन डिसिप्लिन, डिवोशन, अनुशासन, कड़ी, मेहनत लगन से ही जीवन में सफल हो सकते हैं। आपने कहा कि खुद का फीडबैक ले प्रतिदिन सोने से पूर्व आपने सभी बच्चों से आग्रह किया है कि सभी बच्चे खुलकर अपने मन की बात परेशानियों को पेरेंट्स को बताओ पेरेंट्स से कोई भी बात छुपाओ नहीं। जिंदगी भगवान की दी हुई बहुत बड़ी गिफ्ट है 1 ,2 साल की नहीं है जिसे हम सुसाइड के रूप में खत्म कर ले।

यदि आप फेल हो गए हैं तो कोई शर्म की बात नहीं आपके पैरेंट्स के लिए भी कोई शर्मिंदगी की बात नहीं है, आपके पैरेंट्स के लिए शर्म की बात तब होगी जब आप नशा करते हैं, कोई क्राइम करते हैं लड़कियों को छेड़ते हैं पेरेंट्स का क्षणिक गुस्सा हो सकता है आप पर हैं लेकिन जिंदगी भर प्यार ही प्यार है इसीलिए सुसाइड का सोचो भी मत जीवन में। एक घंटा अच्छे लोगों की बात अवश्य सुने अच्छे लोगों का संग करें मेडिटेशन करें। हर दिन कुछ ना कुछ अच्छा करें सबको पता है अच्छा क्या होता है लेकिन उसका अनुसरण करना मुश्किल होता है। उत्कर्ष समर कैंप कल मौन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## जीवन के अनुभवों को शब्दों में पिरोने का प्रयास है छोटा ख्याल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई में मेट्रो सिटी की तर्ज पर पुस्तक वाचन सत्र सेक्टर-10 स्थित न्यू लाइट बुक स्टोर में शुक्रवार 5 मई की शाम आयोजित किया गया। जिसमें लेखिका डॉ.सोनाली चक्रवर्ती ने अपनी किताब 'छोटा ख्याल' के कुछ अंशों का पाठ किया और इस पर प्रबुद्ध जनों ने अपनी राय रखी।




डॉ.सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के रागों में आरोह-अवरोह व पकड़ के बाद बड़ा ख्याल की प्रस्तुति दी जाती है और इसके बाद छोटा ख्याल मध्यलय में शुरू होता है। मेरी किताब का नाम यही 'छोटा ख्याल' है। जिसमें अपने जीवन के अनुभवों को शब्दों में पिरोने का प्रयास किया है।

न्यू लाइट के संचालक गिरीश गोपालानी ने बताया कि मेट्रो सिटीज में कोई भी नई किताब किसी बुक स्टोर में लॉन्च होती है जिसमें लोग लेखक के साथ बातचीत करके किताब के विषय में अपनी जिज्ञासा शांत करते हैं। इससे पढ़ने की आदत को बढ़ावा मिलता है।

जबकि आज समाज में जो विघटन चल रहा है उसमें किताबें ही सच्ची साथी बन सकती है। इस बुक रीडिंग सेशन में बिपिन गोपालानी, ड्रॉ.रजनी नेल्सन,वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र शर्मा,अपना मोर्चा डॉट कॉम के संचालक राजकुमार सोनी,'वोल्गा से शिवनाथ तक' किताब के लेखक व पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन, थिरकन एकेडमी के संचालक मनोज खन्ना,रंगकर्मी नितेश केडिया, संतोष रावत, प्रसिद्ध चित्रकार हरि सेन, जे.पी.सिंह,संदीप चक्रवर्ती, सोनू मौर्य, रीता तिवारी, दीपा सिंह, बिंदु नायक,राजश्री नायर, शीला प्रकाश, देबजानी मजूमदार,अनिता चक्रवर्ती, रीता वैष्णव,रूखसाना शेख, ईज़ा पॉल,प्रोमिला खन्ना, डॉ.पूर्णिमा लाल, रूमा कर,बिपाशा हाल्दार,नीरा लखेरा एवं शाश्वत चक्रवर्ती उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परिना जॉर्ज ने किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950